# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार, 01 जनवरी 2025
संवत 2081, पौष शुक्ल 2- मूल्य 2 रुपये
वर्ष-8, अंक 116 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ खेल जगत के लिए ऐतिहासिक और प्रेरणादायक रहा 2024

कंगना ने कहा-'बिग बॉस 18 के कंटेस्टेंट्स ने बड़े नाटक किए ◂◂ 6


### बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होगा झारखंड

# नए साल में मिलेगा 4000 मेगावाट का सुपर थर्मल पावर प्लांट

मेट्रो रेज

**रांची :** नए साल 2025 में झारखंड को 4000 मेगावाट का सुपर थर्मल पावर प्लांट मिलेगा। झारखंड बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो जाएगा। हालांकि 2024 में ही इस पावर प्लांट को शुरू किया जाना था। राज्य सरकार और एनटीपीसी के साथ हुए समझौते के अनुसार 85 फीसदी बिजली राज्य सरकार को मिलेगी। केंद्र सरकार की ओर से कहा गया था कि जो भी सहयोग राज्य सरकार को चाहिए केंद्र की ओर से मिलेगा। केंद्र ने यह भी कहा था कि पावर प्लांट को प्राथमिकता के आधार पर शुरू कराने का प्रयास राज्य सरकार करें। पतरातू पावर प्लांट की पीएम ने की थी समीक्षा पीएम नरेंद्र मोदी ने 26 मई 2022 को पतरातू पावर प्लांट की ऑनलाइन समीक्षा की थी। इस दौरान पीएम मोदी को झारखंड के मुख्य सचिव ने बताया था कि वर्ष 2024 से पतरातू के निमार्णाधीन 4000 मेगावाट के थर्मल पावर प्लांट से बिजली उत्पादन होने लगेगा। अब 2025 में इससे बिजली उत्पादन होने लगेगा।



जेबीवीएनएल व एनटीपीसी के बीच बनी ज्वाइंट वेंचर कंपनी वर्ष 2015 में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड और एनटीपीसी के बीच ज्वाइंट वेंचर कंपनी पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) बनी। वर्ष 2016 में कंपनी को एनटीपीसी हवाले किया गया। इसके बाद इस वर्ष जनवरी में भेल को इसका कायार्देश दिया गया। एनटीपीसी व जेबीवीयूएनएल 74:26 का शेयरधारक करार के अनुसार, एनटीपीसी 74 व जेबीवीयूएनल 26 प्रतिशत की शेयरधारक है। जेबीवीयूएनएल पैसा नहीं लगाएगी। कंपनी जमीन, कोयला व पानी देगी। पैसा एनटीपीसी लगाएगी। एनटीपीसी बैंक से लोन लेकर पैसा लगाएगी और झारखंड सरकार का ऊर्जा विभाग इसकी मॉनिटरिंग करेगा।

## अनियंत्रित होकर बाइक नहर में गिरी तीन युवकों की मौत

**सासाराम :** बिहार के रोहतास जिले के सूर्यपुरा थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक बाइक के अनियंत्रित होकर नहर में गिरने से तीन युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने तीनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार, सासाराम के सूर्यपुरा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, तीनों युवक अपनी बहन के घर नटवार गांव उसका जन्मदिन मनाने गए थे और देर रात वापस गुनसेज गांव आ रहे थे। इस बीच, रास्ते में ही बाइक अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। सुबह में जब कुछ लोग उस सड़क की ओर निकले तब लोगों ने शव देखा और घटना की जानकारी हुई। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को भी दी गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## 60 यात्रियों से भरी बस पलटी एन-18 पर मची अफरा-तफरी

मेट्रो रेज

**रांची :** हावड़ा से नेतरहाट पिकनिक मनाने जा रही यात्रियों से भरी बस बुधवार की सुबह पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 18 पर सुबह 3 बजे अचानक अनियंत्रित होकर पलट गयी। बस के पलटते ही लोगों ने मदद के लिए चिल्लाना शुरू कर दिया। हालात ऐसे थे कि वहां से गुजर रहे वाहनों के चालक भी सहम गए। इधर, देर रात हाईवे पर पेट्रोलिंग ड्यूटी पर तैनात घाटशिला थाना प्रभारी मधुसूदन डे को जैसे ही खबर मिली, वे तुरंत अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। लोगों ने घटनास्थल से ही 108 एंबुलेंस को फोन किया। लेकिन एंबुलेंस आने में देरी को देखते हुए घाटशिला थाना प्रभारी ने खुद पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर बड़ी मुश्किल से घायलों को बस से बाहर निकाला और पुलिस वाहन से घाटशिला अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। हादसे के उस समय ऐसा लग रहा था मानो पुलिस तुरंत घायलों की मदद के लिए देवदूत बनकर आगे आयी हो।

## खाई में गिरी कार, 3 युवकों की मौत

**शिमला:** नए साल की पूर्व संध्या पर शिमला के मतियाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सडक हादसा हुआ, जिसमें किन्नौर के तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा नेशनल हाईवे पर मतियाना के पास पेट्रोल पंप के समीप हुआ, जब एक कार गहरी खाई में गिर गई। हादसा रात करीब साढ़े 11 बजे हुआ, जब कार शिमला से रामपुर की ओर जा रही थी। बताया जा रहा है कि कार अनियंत्रित होकर सडक से फिसलते हुए गहरी खाई में जा गिरी। हादसे के तुरंत बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग और स्थानीय प्रशासन दुर्घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन तब तक तीनों युवकों की मौत हो चुकी थी। हादसे में जान गंवाने वाले तीनों युवक किन्नौर जिले के रहने वाले हैं। हालांकि खबर लिखे जाने तक उनकी शिनाख्त नहीं हो पाई थी।

## 2025 के पहले दिन एलपीजी सिलेंडर हुआ सस्ता, 14 रुपए घटे दाम

एजेंसी

**नई दिल्ली :** नए साल के पहले दिन, 1 जनवरी 2025 को, ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने आम आदमी को राहत देते हुए 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दामों में कटौती की है। हालांकि, घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दामों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। दिल्ली में सिलेंडर की नई कीमत 1804 रुपए निर्धारित की गई है, जो पहले 1818.50 रुपए थी और इसमें 14.50 रुपए की गिरावट आई है। मुंबई में सिलेंडर की कीमत अब 1756 रुपए रही है, जबकि चेन्नई में यह 1966 रुपए और कोलकाता में 1911 रुपए पर स्थिर की गई है। यह कटौती पिछले छह महीनों में कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में लगातार वृद्धि के बाद आई है। जनवरी से पहले, जुलाई से दिसंबर तक, कमर्शियल सिलेंडर के दाम लगातार बढ़ते रहे थे। इस दौरान दिल्ली में कीमतों में 172.5 रुपए, कोलकाता और चेन्नई में 171 रुपए, और मुंबई में 173 रुपए की बढ़ोतरी हुई थी।



**घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दामों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। वर्तमान में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतें इस प्रकार हैं :** दिल्ली में 803 रुपए, कोलकाता में 829 रुपए, मुंबई में 802.50 रुपए और चेन्नई में 818.50 रुपए। घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दामों में आखिरी कटौती मार्च 2024 में 100 की गई थी। उससे पहले, 30 अगस्त 2023 को 200 रुपए की बड़ी कटौती की गई थी, जिसके बाद दाम 903 रुपए हो गए थे।

### पांच हत्याओं से दहला लखनऊ

# होटल में खूनी खेल, बेटे ने की मां और चार बहनों की हत्या

- पारिवारिक विवाद में घटना को दिया अंजाम
- हत्याकांड को अंजाम देने के बाद आरोपी ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया

एजेंसी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में नए साल पर खूनी खेल खेला गया। लखनऊ के एक होटल में परिवार के पांच लोगों की हत्या कर दी गयी। हत्या करने वाला परिवार का ही शख्स है। एक 24 साल के युवक ने अपनी मां और चार बहनों को बेरहमी से मार डाला। नए साल पर हुई दिल दहलाने वाली वारदात से हर कोई सकते में हैं। सुबह-सुबह मिली पांच हत्याओं की खबर से पुलिस में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी युवक से पूछताछ कर रही है। आरोपी ने हत्याकांड को अंजाम देने के बाद एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। इस वीडियो में आरोपी हत्या करने की वजह बता रहा है।




**बेटे ने होटल में खेला खूनी खेल :** शुरूआती जानकारी में सामने आयी है कि ये परिवार आगरा जिले के कुबेरपुर का रहने वाला है। आगरा के टेढ़ी बगिया क्षेत्र के इस्लाम नगर के रहने वाले 24 साल के अरशद ने यह खूनी खेल खेला। सनसनीखेज हत्याकांड में हैरान करने वाली बात ये है कि चार बेटियों में से दो नाबालिग हैं। जबकि, दो की उम्र 18 और 19 साल है। लखनऊ के होटल शरनजीत में इन पांच हत्याओं से पूरे शहर में सनसनी फैल गई।

बताया गया है कि अरशद अपने पिता, मां आस्मा और चार बहन आलिया (9), अल्शिया (19), अक्सा (16) और रहमीन (18) के साथ लखनऊ के नाका थाना इलाके के होटल शरनजीत में रुका हुआ था। अरशद ने देर रात पारिवारिक विवाद में सामूहिक हत्याकांड को अंजाम दिया। पिता कहां है, उसकी जानकारी अभी नहीं मिली है। वहीं इस हत्याकांड की जानकारी मिलने के बाद अरशद के घर पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस भी पहुंची है।

**पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार :** हत्या के बाद आरोपी ने एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर डाला। इसमें उसने कहा है कि मैंने अपने हाथों से मां और बहन को मारा है। इसके जिम्मेदार बस्ती वाले हैं। हमारा घर इन लोगों ने छीनने के लिए न जाने कितने-कितने जुल्म किए। हमने आवाज उठाई तो हमारी किसी ने नहीं सुनी। 10-15 दिन हो गए, सर्दी में भटकते हुए। पूरी बस्ती इन हत्याओं की जिम्मेदार है। आगरा के इस परिवार की इस तरह हुई हत्या से इस्लाम नगर में नव वर्ष का जश्न भी फीका पड़ गया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### कुछ दिन पहले पड़ोसी दुकानदार से हुआ था झगड़ा

पुलिस की पूछताछ में उसने हत्या करने की बात कबूल कर ली है। उसने पुलिस को बताया कि उसका परिवार से किसी बात को लेकर विवाद था, इसी वजह से उसने मां और चार बहनों की हत्या की। लखनऊ के होटल में अपनी मां और चार बहनों की हत्या करने वाला अरशद बहुत ही गुस्सैल है। पड़ोसियों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व ही पड़ोसी दुकानदार से उसका झगड़ा हुआ। जिसके बाद अरशद ने छत से खड़े होकर उस पर पथराव कर दिया। मोहल्ले के लोग उससे दूर ही रहते थे। ज्वाइंट सीपी बबलू कुमार ने कहा कि 5 लोगों के शव मिले हैं, चार लड़कियां और उनकी मां है। होटल स्टाफ ने बताया कि वे 30 दिसंबर को यहां आए थे और उनके भाई, पिता भी वहां थे। मामले की आगे जांच की जा रही है।

# वन क्षेत्र के जंगल में बाघ आने की खबर से दहशत में लोग

### प्रशासन ने ग्रामीणों को किया अलर्ट

एजेंसी

**चांडिल :** सरायकेला-खरसावां जिला के चौका थाना अंतर्गत तुलग्राम और बालीडीह के बीच जंगल में मंगलवार को बाघ आने की खबर पूरे क्षेत्र में जोरों पर है। तुलग्राम और बालीडीह जंगल के कोचा में एक बैल भी मृत अवस्था में मिला है। बैल के गला, पैर और अन्य स्थानों में चोट के निशान है। ग्रामीणों का कहना है कि जंगल में एक बाघ पहुंचा है। बैलों को जंगल पहुंचने वाले एक बच्चे ने उसे देखा भी है। बताया गया कि बाघ ने बैल के गले पर वार कर उसका खून चूस लिया। मृत बैल तुलग्राम निवासी पहाड़ सिंह महतो का बताया जा रहा है।

वहीं ग्रामीण बता रहे हैं कि गांव के चितरंजन की एक बछिया भी सुबह से गायब है, जिसे चराने के लिए जंगल ले जाया गया था। मामले की जांच में जुटे वन विभाग के पदाधिकारी जंगल में मिला मृत बैल। मिली जानकारी के अनुसार रोज की भांति ग्रामीण अपने गाय बैल को चराने के लिए जंगल की ओर ले गए थे। इसी क्रम में जंगल में गाय बैल को छोड़ने के बाद लोग भेड़-बकरी के लिए पेड़ का पत्ता इकट्ठा करने लगे। इसी क्रम में गांव का एक युवक पेड़ की डाली में चढ़कर पता तोड़ रहा था। उसने ही उस बाघ को तेज रफ्तार में जाते हुए देखा। इसके बाद सभी अपनी जान बचाकर घर की ओर भागे। गाय-बैल भी अपनी जान बचाने के लिए भागने लगे। बताया जा रहा है की बाघ को देखने वाले युवक को बुखार आ गया है। वैसे वन विभाग के कई पदाधिकारी जंगल पहुंच कर मामले की जांच कर रहे हैं। जंगल में जानवर के पंजा के बड़े बड़े निशान भी मिलने की बात कही जा रही है। मंगलवार को इसकी खबर मिलने के बाद वन विभाग के कई पदाधिकारी तुलग्राम जंगल में उक्त स्थान पर पहुंचकर मामले का जायजा लिया। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की देर शाम वन विभाग के वन संरक्षक सबा आलम अंसारी भी घटनास्थल का जायजा लेने पहुंचे थे।



### प्रशासन ने ग्रामीणों को सावधान रहने के लिए अलर्ट किया

जंगल में बाघ के आने की सूचना मिलने के बाद ग्रामीण दहशत में हैं। चांडिल वन क्षेत्र के तुलग्राम जंगल में बाघ के आने की खबर फैलने के बाद प्रशासन ने ग्रामीणों को सावधान रहने के लिए अलर्ट किया है। इस संबंध में चांडिल के अनुमंडल पदाधिकारी ने पत्र जारी करते हुए कहा कि सरायकेला-खरसावां जिला के उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला और चांडिल के वन क्षेत्र पदाधिकारी शशि रंजन से खूंटी एवं तुलग्राम के सटे जंगल में किसी बाघ के द्वारा एक बैल को मार दिए जाने की अनुमानित सूचना मिली है। प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी को लिखे पत्र में अनुमंडल पदाधिकारी ने निदेश दिया कि उस क्षेत्र में एवं आसपास के क्षेत्रों से सटे गांवों के ग्रामीणों को अपने घर में सुरक्षित एवं सचेत रहने के लिए सूचना माइकिंग एवं अन्य साधनों के माध्यम से प्रसारित करें। उन्होंने कहा कि माइकिंग बंद एवं सुरक्षित गाड़ी के माध्यम से ही कराया जाए।

## श्रीलंका ने रिहा किए 20 भारतीय मछुआरे स्वदेश लौटे

**चेन्नई :** श्रीलंका की जेलों से रिहा किए गए 20 भारतीय मछुआरे विमान से चेन्नई पहुंच गए हैं। मछुआरों को एक साल पहले श्रीलंकाई नौसेना ने गिरफ्तार किया था। वे तमिलनाडु के पुडुकोट्टई, रामनाथपुरम और तूतूकुड़ी जिलों के निवासी हैं और श्रीलंका की जेलों में थे। भारत और श्रीलंका सरकार के बीच बातचीत के बाद श्रीलंका ने 20 मछुआरों को रिहा कर दिया। उन्हें भारतीय दूतावास के अधिकारियों को सौंप दिया गया, जिन्होंने उन्हें अस्थायी नागरिकता प्रमाण पत्र प्रदान किए। इसके बाद मछुआरों को कोलंबो से चेन्नई हवाई अड्डे पर ले जाया गया। चेन्नई हवाई अड्डे पर पहुंचने पर मछुआरों को नागरिकता सत्यापन, सीमा शुल्क जांच और अन्य औपचारिकताओं से गुजरना पड़ा। इसके बाद मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया और उन्हें अलग-अलग वाहनों से उनके गृहनगर पहुंचाने की व्यवस्था की। ज्ञात हो कि तमिलनाडु के मछुआरा संघ राज्य के मछुआरों की नियमित गिरफ्तारी के बाद तटीय जिलों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने पीएम मोदी को पत्र लिखकर उनसे आग्रह किया है कि वे हस्तक्षेप करें और बीच समुद्र में मशीनी नावों की जब्ती और गिरफ्तारी को रोकें, जो मछुआरों की आजीविका की रीढ़ हैं।

### साल के आखिरी दिन सीएम एन बीरेन सिंह ने मणिपुर हिंसा के लिए मांगी माफी

# जो कुछ भी हुआ, उसके लिए सॉरी...

एजेंसी

**इंफाल :** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने राज्य में बीते वर्ष हुई हिंसक घटनाओं को बहुत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए गहरा अफसोस व्यक्त किया और राज्य की जनता से माफी मांगी। मुख्यमंत्री ने इंफाल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, यह पूरा साल बहुत दुखद रहा। मुझे गहरा खेद है, और मैं 3 मई से अब तक हुई घटनाओं के लिए मणिपुर की जनता से माफी मांगता हूं। उन्होंने इन घटनाओं में जान गंवाने वालों और विस्थापित हुए परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। मुख्यमंत्री ने कहा, कई लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया और कई को अपने घर छोड़ने पड़े। मुझे इसका गहरा पछतावा है।

**शांति बहाली की दिशा में प्रगति, 2025 तक सामान्य स्थिति की उम्मीद:** मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि बीते तीन-चार महीनों में राज्य में शांति बहाल करने की दिशा में सकारात्मक प्रगति हुई है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नया साल 2025 मणिपुर में पूर्ण शांति और सामान्य स्थिति लेकर आएगा। मुख्यमंत्री ने कहा, हमें अब बीती गलतियों को भुलाकर एक नई शुरूआत करनी होगी। सभी समुदायों को मिलकर एक शांतिपूर्ण और समृद्ध मणिपुर का निर्माण करना चाहिए।




**हिंसा से जुड़ी घटनाओं और आंकड़ों का उल्लेख:** मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने मणिपुर में जारी हिंसा पर आंकड़े साझा करते हुए बताया कि 3 मई, 2023 से शुरू हुए इस संघर्ष में अब तक 200 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं। उन्होंने कहा, अब तक कुल 12,247 एफआईआर दर्ज की गई हैं, 625 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, और लगभग 5,600 हथियार, 35,000 गोला-बारूद, और विस्फोटक बरामद किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार की सहायता का उल्लेख करते हुए कहा कि विस्थापित परिवारों की मदद के लिए पर्याप्त सुरक्षाकर्मी और धनराशि प्रदान की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि विस्थापित व्यक्तियों के लिए नए घर बनाने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं।

**मुख्यमंत्री की शांति की अपील:** मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी समुदायों से अपील की कि वे एक नई शुरूआत करें और चर्चा एवं संवाद के माध्यम से अपने मुद्दों का समाधान निकालें। उन्होंने कहा, 'शांति बहाली का एकमात्र रास्ता संवाद है। केंद्र सरकार ने इसकी पहल की है, और हम सभी को इसमें सहयोग करना चाहिए। मुख्यमंत्री की यह अपील ऐसे समय में आई है जब मणिपुर बीते वर्ष की हिंसा और संघर्षों से उबरने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाला समय राज्य के लिए बेहतर और शांतिपूर्ण होगा।

**मणिपुर में संघर्ष की जड़ें :** राज्य में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच आरक्षण और आर्थिक लाभ को लेकर लंबे समय से जारी विवाद 2024 में और गहरा गया। बीते साल, हिंसा और टकराव की घटनाओं ने राज्य को झकझोर कर रख दिया, जिसमें आम नागरिक, सुरक्षा बल, और सामुदायिक समूह भी प्रभावित हुए। घाटी और पहाड़ी इलाकों के बीच बढ़ते विभाजन के कारण मणिपुर की सांस्कृतिक सद्भावना पर गहरा संकट उत्पन्न हुआ है।

# नए साल में झारखंड हाईकोर्ट को नए जज मिलने की उम्मीद

### हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 25 है,लेकिन फिलहाल 18 न्यायधीश ही कार्यरत हैं




**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची :** साल 2025 में झारखंड हाईकोर्ट को नये जज मिलने की उम्मीद है। हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 25 है। लेकिन फिलहाल 18 न्यायधीश ही कार्यरत है। साल 2024 में जस्टिस रत्नाकर भेंगरा और जस्टिस सुभाष चंद के रिटायर हो गये। वहीं अगले वर्ष (2025) की शुरूआत में एक और न्यायाधीश जस्टिस डॉ एस एन पाठक भी सेवानिवृत हो जायेंगे। जिसके बाद सीटिंग जजों की संख्या घटकर 17 हो जायेगी। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि अगले वर्ष झारखंड हाईकोर्ट में नये जजों की नियुक्ति की जायेगी। बार के अधिवक्ताओं को जजों की नियुक्ति में मिल सकती है जगह हाईकोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार बताते हैं कि हाईकोर्ट में स्वीकृत जजों की संख्या 25 है। दो जजों के रिटायर होने के बाद जजों की संख्या में कमी आयी है और इसका असर लंबित मामलों की सुनवाई पर पड़ेगा। ऐसे में नये वर्ष में यह उम्मीद की जा रही है कि हाईकोर्ट में जजों की नियुक्ति शीघ्र करने पर विचार किया जायेगा। ताकि लंबित मामलों का तेजी से निपटारा हो। अधिवक्ता धीरज कुमार ने यह भी उम्मीद जतायी है कि अगले वर्ष हाईकोर्ट में होने वाली जजों की नियुक्ति में बार के अधिवक्ताओं को भी जगह मिलेगी।

न्यायाधीश जस्टिस रत्नाकर भेंगरा 4 अक्टूबर 2024 में हुए सेवानिवृत्तः बता दें कि 4 अक्टूबर 2024 को झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रत्नाकर भेंगरा सेवानिवृत्त हो गये। जस्टिस रत्नाकर भेंगरा ने वर्ष 1988 में न्यायिक क्षेत्र में वकील के रूप में अपने करियर की शुरूआत की थी। जिसके बाद वर्ष 2015 में उन्हें हाईकोर्ट का जज नियुक्त किया गया था। वर्ष 2017 में जस्टिस रत्नाकर भेंगरा को हाईकोर्ट का स्थायी जज नियुक्त किया गया था। वहीं इलाहाबाद हाईकोर्ट से झारखंड हाईकोर्ट आये जस्टिस सुभाष चंद इसी महीने की 20 तारीख को रिटायर हो गये हैं। इसके बाद अब हाईकोर्ट में फिलहाल चीफ जस्टिस समेत सिर्फ 18 जज ही कार्यरत हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### अवैध शराब के खिलाफ पुलिस का छापा, 115 किलो जावा महुआ नष्ट



**पलामू :** नवाजयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडे के नेतृत्व में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चालया। इस दौरान पंचकेडिया, ढागर डीहा, बोरादह, रोल व अन्य गांवों में छापेमारी कर देसी शराब बनाने में प्रयुक्त होने वाला करीब 115 किलो जावा महुआ जब्त करते हुए उसे नष्ट कर दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पलामू एसपी के निर्देश पर पुलिस अवैध शराब के कारोबारियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है

### 500 रुपये के लिए युवक की हत्या

**गुमला :** जिले से एक बेहद दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां आरोपी ने महज 500 रुपये के लिए दूसरे युवक की बेरहमी से हत्या कर दी। पूरा मामला मोबाइल रिचार्ज से जुड़ा है। फिलहाल पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी का नाम विक्रांत उरांव है, जो बिशुनपुर प्रखंड क्षेत्र के चिंगरी नवाटोली का रहने वाला है। मामला 21 दिसंबर का है। पूरे मामले की जानकारी देते हुए बिशुनपुर थाने के केस के आईओ कामू पासवान ने बताया है कि मामला 21 दिसंबर का है। उस दिन चिंगरी नवाटोली में विक्रांत उरांव और अशोक उरांव के बीच उधार के पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था। विक्रांत, अशोक उरांव से मोबाइल रिचार्ज के लिए 500 रुपये मांग रहा था। लेकिन नशे की हालत में जब अशोक उरांव ने मना कर दिया तो विक्रांत ने अशोक उरांव को मुक्का मार दिया। मुक्का लगने से विक्रांत बुरी तरह घायल हो गया, जिसके बाद उसके परिजनों ने उसे प्राथमिक उपचार के लिए बिशुनपुर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से उसे आनन-फानन में सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया। लेकिन इलाज के दौरान अशोक उरांव की मौत हो गईइसके बाद मृतक अशोक उरांव के परिजनों ने 23 दिसंबर को बिशुनपुर थाने में विक्रांत उरांव के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। तब से वह फरार चल रहा था। गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस ने उसे दबोच लिया और गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। छापेमारी टीम में एसआई कामू पासवान के अलावा पवन वीर महतो और हवलदार पूरन किस्कू व अन्य शामिल थे

### डेढ़ करोड़ का डोडा जब्त, छुपाकर ले जाया जा रहा था पंजाब

**रामगढ़ :** जिला पुलिस ने एक ट्रक पर मुढ़ी व सोयाबीन की बोरी में छिपाकर रखे करीब 19 क्विंटल नशीला पदार्थ डोडा जब्त किया है। जब्त डोडा की कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपए आंकी गई है। यह जानकारी रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि ट्रक संख्या पीबी 23टी 1707 से 19 क्विंटल डोडा मुरही और सोयाबीन की बोरियों में छिपाकर हजारीबाग, रामगढ़ के रस्ते पंजाब ले जाने की तैयारी की जा रही है। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मांडू के हेसागढ़ा में छापेमारी कर ट्रक को जब्त कर लिया। पुलिस को देख ट्रक के चालक व खलासी फरार हो गए। डोडा व सोयाबीन का कलर लगभग एक समान होता है। लिहाजा सोयाबीन में मिक्स कर डोडा की तस्करी की जा रही थी। एसपी ने बताया कि ट्रक की तलाशी लेने पर डाला में सफेद रंग की कुछ प्लास्टिक की बोरियों में मुढ़ी व कुछ में में डोडा और सोयाबीन बड़ी मिक्स कर रखा हुआ मिला। ट्रक की केबिन वाहन के कागजात, चालक के डीएल की छाया प्रति, एक बिना सिम कार्ड का कीपैड मोबाइल व अन्य कागजात बरामद किए गए हैं। डोडा व अन्य सामान सहित ट्रक को जब्त कर ट्रक मालिक सविता पॉल, चालक जसंत पाल व अज्ञात लोगों के विरुद्ध मांडू थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। छापेमारी में प्रशिक्षु डीएसपी फौजान अहमद, मांडू के पुलिए निरीक्षक सुरेश लिंडा, मांडू थाना प्रभारी रामप्रवेश पासवान, डीसीबी के प्रभारी पुलिस अधीक्षक (कार्यालय) दिगम्बर पाण्डेय, एएसआई दिलीप पासवान व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### मुरी में चला वाहन चेकिंग अभियान



**मुरी :** बीती रात सिल्ली थाना द्वारा बुंडू चौक के समीप मोटरसाइकिल एवं चार चक्का वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसका उद्देश्य एंटी क्राइम को रोकना एवं शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले पर सख्त कार्रवाई करना है। वैसे सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने जनता से बार बार अपील करती है कि आप जागरूक नागरिक बने एवं अच्छे नागरिक के कर्तव्य का परिचय दे।

### जैविक उद्यान में टॉय ट्रेन का परिचालन फिर शुरू

**बोकारो :** बोकारो के जवाहरलाल नेहरू जैविक उद्यान में टॉय ट्रेन का परिचालन फिर से शुरू हो गया है। जैविक उद्यान में टॉय ट्रेन खासकर स्कूली बच्चों के लिए हमेशा से आकर्षण का केंद्र रहा है। टॉय ट्रेन में कुछ तकनीकी खराबी व कोविड महामारी के समय इसका परिचालन बंद था। टॉय ट्रेन का जीर्णोद्धार बोकारो स्टील प्लांट के आंतरिक संसाधनों से किया गया। बीएसएल के निदेशक प्रभारी वीरेंद्र कुमार तिवारी ने साल के अंतिम दिन मंगलवार को इसका पुनः परिचालन शुरू किया। इस मौके पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) सीआर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक प्रभारी (मानव संसाधन) राजन प्रसाद, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) अनीश सेनगुप्ता, सीजीएम (नगर सेवा) कुंदन कुमार, सीजीएम (यातायात) मनोज कुमार हयांकी, सीजीएम (यांत्रिकी) श्रीप्रकाश कुमार, जीएम (नगर सेवा) ए के अविनाश समेत नगर प्रशासन के वरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## उरंगढा नदी तट पर बजरंग मेला आज, अलविदा मेला संपन्न



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**मुरी :** उरंगढा नदी तट पर बजरंग मेला आज पिकनिक के साथ शुय हुआ। जहां सिल्ली शहरी क्षेत्र के लोग पिकनिक के लिए जामा हुए । इसी तट पर स्नान कर बजरंग बली मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना किया गया। काफी संख्या में मेला का स्टाल लगाए गए । सबसे ज्यादा ईख,शतालु, मटर क्षेमी, गाजर के साथ बैलुन ,बाजा ,मेला पर फुचका और चाट की दुकान सजी थी। वहीं बीते दिन सिगपुर काटांडीह मे साल के अंतिम दिन अलविदा मेला का आयोजन किया गया। यह मेला काफी आकर्षक रहा।मेले में पाता नाच, मुर्गा लड़ाई आकर्षक का केंद्र बना रहा। ग्रामीण अलविदा मेला का काफी लुफ्त उठाया। पाता नाच में लखिदास लोहरा के द्वारा कुड़माली गीतों पर लोग झुमते रहे। बंगाल से भी एक से बढ़कर एक कलाकार आए। मेले में काफी भीड़ जमी रही। मेले को सफल बनाने में फारुख ,शिशुपाल महतो, गणेश महतो व अन्य कमेटी का सरहानीय योगदान रहा।

## सीसीएल ने सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गयी भावभीनी विदाई



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के मुख्यालय में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें दिसंबर 2024 में सेवानिवृत्त होने वाले 117 कर्मियों में से मुख्यालय में कार्यरत 14 कर्मियों को विदाई दी गई।

समारोह में सेवानिवृत्त कर्मियों में प्रमुख नामों में शामिल हैं डॉ। सुमन सिंह (सीएमएस, चिकित्सा विभाग), सुनील कुमार सिंह (महाप्रबंधक, खनन),संजय वर्मा (महाप्रबंधक, उत्खनन), जीवेन्द्र नारायण (मुख्य प्रबंधक, सीएमसी विभाग), राजीब कुमार (मुख्य प्रबंधक, पेंशन विभाग), मुकेश चंद्र नहाटा (मुख्य प्रबंधक, वित्त), ज्योतिष नारायण पांडेय (वरीय निजी सहायक, भूगर्भ विभाग), मुन्ना प्रसाद (कार्यालय अधीक्षक, नगर प्रशासन), नीलम सुषमा कुजूर (मेट्रोन, गांधीनगर अस्पताल), राजा दासगुप्ता (मुख्य ड्राफ्ट्स मैन, पर्यावरण एवं वन विभाग), शाहिद परवेज (लेखापाल, चिकित्सा विभाग), बिमल राम (वरीय डीईओ, सेल्स एंड मार्केटिंग), बीरेंद्र कुमार सिंह (वरीय लिपिक, ईई विभाग) और बल मुकुंद दुबे (हेड सिक्यूरिटी गार्ड, सुरक्षा विभाग)

समारोह में सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, अधिकारीगण, कर्मचारीगण और सेवानिवृत्त कर्मियों के परिवारजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त कर्मियों के अनुभव और योगदान पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म प्रदर्शित की गई। इस फिल्म में कर्मियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कंपनी के प्रति आभार व्यक्त किया और इसके निरंतर विकास की कामना की।

मुख्य अतिथि सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा, आप सभी ने अपनी मेहनत और निष्ठा से कंपनी को नई ऊंचाइयों पर पहुँचाया है। सेवानिवृत्ति जीवन की नई शुरूआत है। इस समय को परिवार के साथ बिताएँ, स्वास्थ्य का ख्याल रखें और समाज में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाएँ। निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने भी सेवानिवृत्त कर्मियों के योगदान को सराहते हुए उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। मंच संचालन और धन्यवाद ज्ञापन मुख्य प्रबंधक (कार्मिक/कल्याण) केया मुखर्जी ने किया। कार्यक्रम की सफलता में कल्याण विभाग और अन्य विभागों का विशेष योगदान रहा।

## बिरहोर परिवारों के बीच कंबल का वितरण



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चंदवारा (कोडरमा):** आदर्श फाउंडेशन की पहल पर प्रखंड के सुदूरवर्ती ग्राम पंचायत बेंदी स्थित बिरहोर परिवारों के बीच अंचल अधिकारी अशोक भारती एवं थाना प्रभारी अरविंद कुमार द्वारा सुखनी बिरहोरनी, गीता बिरहोरनी, रेखा बिरहोरनी, मसोमात सरिता बिरहोरनी, मीना, बिरहोरनी, मुनिया बिरहोरनी, सुरेंद्र बिरहोर, राजकुमार बिरहोर,राहुल बिरहोर, बिरसा बिरहोर, बजरंगी बिरहोर, नंदू बिरहोर, संजय बिरहोर, मंजय बिरहोर सहित बीस बिरहोर परिवारों के बीच कंबल का वितरण किया गया। अंचल अधिकारी अशोक भारती ने कहा की ठंड के दौरान समाज के जरूरतमंद व्यक्तियों की सेवा हम सभी की नैतिक जवाबदेही है, झारखण्ड राज्य से विलुप्त हो रही आदिम जनजाति बिरहोर परिवारों को बचाने के लिए सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने की विशेष पहल जारी है। आधारकार्ड पंजीकरण, बैंक एकाउंट खुलवाने, बच्चों को विद्यालय से जोड़ने के साथ सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने में आदर्श फाउंडेशन की टीम निरंतर सहयोग भी कर रही है। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने मौके पर उपस्थित बिरहोर परिवारों से आग्रह करते हुए कहा की आप लोग अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजना सुनिश्चित करें, हर हाल में बिरहोर समुदाय को समाज की मुख्य धारा में जुड़ना होगा, शिक्षा के साथ - साथ स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है। आदर्श फाउंडेशन के साथियों से आग्रह है नियमित इनके बीच कुछ ना कुछ विशेष कार्यक्रम का आयोजन करवाते रहें, पुलिस विभाग हर संभव सहयोग करेगी। अंचल अधिकारी अशोक भारती, थाना प्रभारी अरविंद कुमार, बजरंगी बिरहोर, संजय बिरहोर, मुनिया बिरहोरनी, गीता बिरहोरनी, बेंदी मुखिया प्रतिनिधि वजीर भुईया, ज्ञान प्रकाश सिंह, सुनील अगेरी, आदर्श फाउंडेशन के वरिष्ठ कार्यकर्ता राहुल कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## वृंदावन जैविक किसान सखी मंडल ट्रस्ट ने किया गर्म कपड़ो का वितरण



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोडरमाः** जिले के लगातार शीत लहरी का बढ़ते प्रकोप को देखते हुए वृंदावन जैविक किसान सखी मंडल ट्रस्ट की ओर से हर साल की भांति इस वर्ष भी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 31 दिसंबर 2024 को गर्म कपड़े का वितरण किया गया। जो की संस्था द्वारा कंबल वितरण अभियान 3 जनवरी 2025 एवं 14 जनवरी 2025 को गरीब जरूरतमंदों के बीच निशुल्क गर्म कपड़ों का वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें 31 दिसंबर 2024 को लगभग दर्जनों आदिम जनजाति परिवारों के बीच गर्म कपड़े जींस पैंट, टी- शर्ट स्वेटर का वितरण प्रारंभ किया जा चुका है। शेष बचे क्षेत्रों में निर्धारित तिथि को वितरण कार्यक्रम किया जाना सुनिश्चित है। अतः आप महानुभावों यथासंभव इस कार्यक्रम में सहयोग हेतु गर्म कपड़े एवं सहयोग राशि, इत्यादि देकर पुण्य की भागी बन सकते है। जिससे गरीब परिवारों व बच्चों को ठंड से राहत मिल सके और समाज का उत्थान हो सके। वितरण कार्यक्रम में वृंदावन जैविक किसान सखी मंडल ट्रस्ट अध्यक्ष रंजन कुमार मेहता, सचिव ममता कुमारी, कोषाध्यक्ष नीतू कुमारी के साथ संस्था के अन्य सदस्य शामिल है।

## बगोदर में हैं कई पर्यटन स्थल, सैलानियों की उमड़ती है भीड़, कुदरत के खूबसूरत नजारे का उठाते हैं आनंद

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गिरिडीहः** नव वर्ष के आगमन में अब कुछ घंटे ही शेष हैं. नव वर्ष में पिकनिक के साथ जश्न मनाने के लिए लोग विभिन्न पिकनिक स्पॉट पहुंचते हैं. गिरिडीह जिले की बात करें तो यहां भी कई पिकनिक स्पॉट हैं, जहां नव वर्ष के मौके पर लोगों की भीड़ जुटती है और वे पिकनिक के साथ जश्न मनाते हैं.

इन पिकनिक स्पॉट में खंडोली डैम, उसरी वाटर फॉल, नौलखा डैम, खंभरा डैम, खटैया पहाड़, राजदाहधाम, खेडुआ नदी आदि शामिल हैं. इन पिकनिक स्पॉट्स में प्रकृति ने खूबसूरत छटा बिखेरी है तो कुछ जगहों का सौंदर्यीकरण कर उसे रमणीक स्थल के रुप में विकसित किया गया है.

खंडोली डैम और वाटर फॉल में नव वर्ष के मौके पर पिकनिक मनाने के लिए दूसरे जिले से भी लोग पहुंचते हैं. खंडोली डैम में बच्चों के लिए मनोरंजन के भी कई साधन उपलब्ध हैं. जबकि कुछ पिकनिक स्पॉट्स में कुदरत के द्वारा बिखेरा गया खूबसूरत नजारा ही देख के लोग आनंदित होते हैं. गिरिडीह के बगोदर प्रखंड में ऐसे कई पिकनिक स्पॉट हैं, जहां कुदरत का खूबसूरत नजारा लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है. इसमें खंभरा डैम, खटैया पहाड़, खेडुआ नदी, बरमसिया झरना आदि प्रमुख है.

**बरमसिया झरना**

देवराडीह पंचायत अंतर्गत करंबा गांव के अंतिम छोर में स्थित है बरमसिया झरना. यहां भी पिकनिक मनाने के लिए लोगों की भीड़ नव वर्ष पर जुटती है. यहां एक छोटा सा झरना है. जिसमें सालों भर पानी गिरता रहता है. इसकी विशेषता यह है कि ठंड के दिनों में गर्म और गर्मी के दिनों में ठंडा पानी झरना से गिरता है. करीब से होकर एक छोटी नदी भी गुजरती है और आसपास जंगल की हरियाली भी है.

**खटैया पहाड़**

प्रखंड के खटैया गांव में स्थित है एक पहाड़. इसे खटैया पहाड़ के नाम से जाना जाता है. हालांकि अब इसे प्राकृतिक धाम हनुमानगढ़ी के नाम से जाना जाता है. यहां भी नव वर्ष के मौके पर सैलानियों की भीड़ उमड़ती है. यह स्थल धार्मिक के साथ रमणीक भी है. पहाड़ के नीचे पानी से लबालब भरे तालाब में दिखने वाले पहाड़ का प्रतिबिंब मनमोहक होता है. यहां आपरूपी हनुमान जी की प्रतिमा प्रकट होने की बात कही जाती है. इसके अलावा यहां एक कुआं भी है जिसका पानी दुधिया रंग का होता है. खटैया पहाड़ में मनोरंजन के साधन भी उपलब्ध हैं.

**खेडुआ नदी**

बगोदर- अड़वारा मेन रोड से गुजरे खेडुआ नदी पिकनिक स्पॉट के रूप में चर्चित है. नदी में निकली चट्टानों में बैठकर सैलानियों के द्वारा पिकनिक मनाई जाती है. नदी के चारों ओर जंगल और हरियाली है. पानी की बहती कलकल धार लोगों को आकर्षित करती है.

**लपसियाटांड/ तपोवन**

बगोदर प्रखंड से सिरंय गांव जाने वाले रोड से थोड़ी दूरी में बीच जंगल में स्थित है लपसियाटांड. इस जगह को अब तपोवन के नाम से भी जाना जाता है. इसके बगल से होकर जमुनिया नदी गुजरी है. लपसियाटांड में भगवान भोले सहित अन्य देवी- देवताओं के मंदिर भी हैं. यहां भी पिकनिक मनाने के लिए बड़ी संख्या में सैलानियों की भीड़ उमड़ती है.

**खंभरा डैम**

बगोदर के खंभरा में स्थित है खंभरा डैम. जंगल से घिरा होने के कारण यहां का नजारा अद्भुत दिखाई देता है. ऐसे में नववर्ष के मौके पर सैलानियों की यहां भीड़ उमड़ती है. इस जगह को विकसित करने का कार्य इन दिनों चल रहा है.



## झारखंडवासियों को नए साल में बड़ा गिफ्ट देने जा रही हेमंत सरकार

# अब चिकित्सक नहीं होने का बहाना नहीं बना सकेंगे सरकारी अस्पताल

- नए वर्ष में दो बड़ी योजनाएं मूर्त रूप लेने से कम होगी सरकारी अस्पतालों पर निर्भरता
- राज्य कर्मियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना और मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य योजना के तहत अब सरकारी अस्पतालों पर निर्भरता होगी कम



संवाददाता

**रांची:** नव वर्ष 2025 में राज्य में ऐसी दो बड़ी योजनाएं मूर्त रूप लेंगी, जिनके पूरी तरह लागू होने से रिम्स सहित अन्य सरकारी अस्पतालों पर निर्भरता कम होगी। इनमें एक राज्य कर्मियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना है, जो जनवरी माह में ही लॉन्च होगी। इसके माध्यम से राज्य के विभिन्न विभागों, कार्यालयों एवं बोर्ड-निगमों में कार्यरत लगभग 10 लाख राज्य कर्मियों और पेंशनरों को पांच से दस लाख रुपये तक निश्शुल्क इलाज सूचीबद्ध अस्पतालों में हो सकेगा। दूसरे, मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य योजना भी पूरी तरह क्रियान्वित होगी, जिसके तहत लाभुक परिवारों का अब पांच लाख के बजाय 15 लाख रुपये तक निश्शुल्क इलाज होना है। इन दोनों महत्वाकांक्षी योजनाएं से राज्य की बड़ी आबादी कवर हो जाएगी, बशर्ते इनका अनुपालन सही तरीके से हो सके।

राज्य सरकार ने ऐसी नीति भी लागू की है, जिसके तहत अब सरकारी अस्पताल चिकित्सक नहीं होने का बहाना नहीं बना सकते। सिविल सर्जनों को आर्थिक शक्तियां दी गई हैं, जिससे वे निजी विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवा ले सकते हैं। इसके लिए प्रतिवर्ष की राशि भी निर्धारित की गई है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को विकसित करने का निर्णय

राज्य सरकार की नीति सदर अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में ऑपरेशन की सुविधा बहाल करने की भी है। रांची सदर अस्पताल ने इसमें बेहतर काम किया तो इसकी तर्ज पर पांच अन्य जिलों में भी सदर अस्पतालों या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को विकसित करने का निर्णय लिया गया है। गिरिडीह के गांडेय, साहिबगंज के बरहेट, जामताड़ा सदर के अलावा दो अन्य जिलों का चयन होना है। राज्य में सबसे बड़ी समस्या चिकित्सकों की कमी की है, जिसे दूर करने के लिए रांची में रिम्स की तर्ज पर एक अन्य मेडिकल कालेज कांके के रिनपास परिसर में खोले जाने का निर्णय लिया गया है। बोकारो, कोडरमा और चाईबासा में पहले से इसपर काम चल रहा है। वर्ष 2025 में कोडरमा मेडिकल कालेज का निर्माण पूरा हो सकता है।

केंद्र ने चालू वित्तीय वर्ष में ही खूंटी और गिरिडीह में मेडिकल कालेज खोलने की योजना की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस योजना पर भी नए वर्ष में तेजी से काम होने की उम्मीद है।

#### दवा की कड़ी निगरानी

स्वास्थ्य विभाग एक ऐसे पोर्टल के निर्माण पर काम कर रहा है, जिसके तहत न केवल सरकारी बल्कि निजी क्षेत्र में क्रय-विक्रय की जानेवाली दवा पर आनलाइन निगरानी की जा सकेगी। वर्तमान में निजी क्षेत्र में बिक्री की जानेवाली दवा की निगरानी तो दूर सरकारी क्षेत्र में आपूर्ति की जानेवाली दवा की भी निगरानी नहीं हो पाती। अब इसके लिए तंत्र विकसित होने से नकली दवा की बिक्री और आपूर्ति पर रोक लग सकेगी।

## कथावाचक माधव दास बाल व्यास जी के कथा वाचन में पहुंचे इस्कॉन ग्रुप रांची के फाइनेंशियल बचत एडवाइजर



**रांची** : एक जनवरी दिन बुधवार को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 2:30 बजे तक कांके रोड रिलायंस फ्रेस के पीछे स्थित इस्कॉन मंदिर में इस्कॉन ग्रुप के रांची के फाइनेंशियल बचत एडवाइजर अरुणदेव कुमार ने बताया कि रांची में आज नव वर्ष 2025 के शुरूआत के अवसर पर दुनिया के सबसे छोटे कथावाचक माधव दास बाल व्यास जी का आज रांची इस्कॉन में कथा सुनाने पहुंचे रांची के इस्कॉन के ग्रुप अध्यक्ष मधुसूदन मुकुंद प्रभु द्वारा नव वर्ष पर उन्हें आमंत्रित किया गया था। अपने जीवन काल में बाल कथावाचक माधव दास जी ढाई साल की उमर में ही गीता के शलोक शुद्ध उच्चारण बोलते थे और जब वे 8 साल के होने पर गीता के 8 ग्रन्थों से 2000 श्लोक उन्होंने काफी सहज प्रकार से याद किये हैं और यह भारत की लोकसभा सांसद हेमा मालिनी,द्वारा डा विवेक बिंद्रा प्रभु के द्वारा, ग्रुप प्रमुख अमोघ लीला प्रभु के द्वारा, इन सभी के सहयोग से पूरे दुनिया में बुलावे पर जगह जगह प्रवचनों की अमृत वर्षा बहाकर माधव दास जी को विश्व विख्यात करने के लिए योगदान में अपनी अहम भूमिका निभाई है ,और इनका कार्यक्रम अब नव वर्ष 2025 में पाकिस्तान, लंदन, अमेरिका, केन्या, ऐसे अनेक देशों की विदेश यात्रा करेंगे इस कार्य में इनके गुरु महाराज इस्कॉन ग्रुप प्रमुख गोपाल कृष्ण गोस्वामी जी महाराज की कृपा 2023 से ही प्राप्त कर चुके हैं। रांची महानगर जैसे शहर का सौभाग्य है कि शहर के मशहूर फाइनेंशियल बचत एडवाइजर अरुणदेव कुमार जी इन सभी ग्रुप प्रमुख गुरुओं के साथ मिल कर पूरे प्रदेश ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर इस्कॉन ग्रुप का प्रचार प्रसार में काफी समय देते आ रहे हैं। धर्म प्रेमियों को इस ग्रुप में जुड़ कर मन की शांति मिलती है जिसके कारण दिनों दिन इस्कॉन मंदिरों में धर्मप्रेमियों की संख्या बल बढ़ रही है। कांके रोड इस्कॉन मंदिर परिसर में कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद अगले पड़ाव पर सभी धर्मप्रेमियों के उपस्थिति में आज संध्या 4 बजे से 6 बजे तक सर्कुलर रोड स्थित न्यूक्लियस मॉल के पास स कीर्तन किया जा रहा है।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए मंडल रेल प्रबन्धक/सं.व.दू.उ.प.रे., जोधपुर द्वारा निम्न लिखित सिगनलिंग एवं टेलीकॉम सम्बन्धी कार्य हेतु मुहरबंद ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम:** उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों तथा डी एल एम सी में लगे एफट्रौनिक्स मेक के डाटा लोगर, आर टी यू, सर्वर, फायरवॉल, एस एस आई प्रोटोकॉल कनवर्टर, ऐंफ ई पी, सेफ्टी पॉइंट अलार्म यूनिट उपकरणों का तीन साल के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध का कार्य, **कार्य की अनुमानित लागत:** रुपये 3,64,39,067/–, **ई निविदा जमाकर्ता कार्यालय का पूर्ण पता:** वरि. मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजी. मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय हरीश जोशी मार्ग जोधपुर, **बयाना राशि (Bid Security):** रुपये 327200/–, **ई निविदा प्रपत्र जमा कराने एवं खुलने की तारीख व समय:** 20.01.2025 को 11.00 बजे तक। तथा ई टेंडर ऑन लाईन आई आर ई पी एस 11.00 बजे बन्द होने के तुरन्त बाद खोली जायेगी, **वैबसाईट विवरण एवं नोटिस बोर्ड व कार्यालय जहाँ से टेण्डर का विवरण देखा जा सकें एवं खरीद की जा सकें:** www.ireps.gov.in
नोटः–यह एक ई–टेण्डर है इसलिए इसमें भाग लेने के लिए ठेकेदार ई–टेण्डरिंग के द्वारा उल्लेखित वैबसाईट पर टेण्डर डाले।

1508-PS/24

हमें /NWRailways /NWRailways_ पर फॉलो करें


## ठिठुरन भरा है साल का पहला दिन, पहाड़ी हवा ने बढ़ाई ठंड, रांची का तापमान 5 डिग्री गिरा

संवाददाता



**रांची:** झारखंड में साल का पहला दिन ठिठुरन भरा है। कुहासे और सर्द हवा के साथ दिन की शुरूआत हुई है। हालांकि मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि दिन चढ़ने के साथ सूरज भी निकलेगा। इससे तापमान में थोड़ा बदलाव आएगा। कुहासे के बीच आज राजधानी रांची का तापमान 9 डिग्री रिकार्ड किया गया।

पश्चिमी विक्षोभ का असर कम होने के बाद पहाड़ों से आने वाली सर्द हवाओं की वजह से तापमान में भारी गिरावट आई और लोग ठिठुरने लगे। राजधानी रांची का तापमान एक दिन में करीब 5 डिग्री सेल्सियस गिर गया है। सोमवार को राजधानी का न्यूनतम तापमान 15 डिग्री के आसपास था, जो मंगलवार को गिरकर 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास आ गया। अगले 2-3 दिन तक न्यूनतम तापमान में और गिरावट का अनुमान है। पहाड़ों से चलने वाली ठंडी हवाओं का असर झारखंड में देखने को मिल रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र का पूवार्नुमान है कि नये साल में राजधानी का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से भी नीचे जा सकता है।

**4 जनवरी तक साफ रहेगा झारखंड का मौसमः** मौसम केंद्र रांची का पूवार्नुमान है कि 4 जनवरी तक झारखंड में मौसम साफ रहेगा। सुबह में धुंध तथा कोहरा छाया रह सकता है। है। 5 जनवरी 2025 से मौसम में एक बार फिर बदलाव हो सकता है। राज्य के कुछ हिस्सों में बादल छाये रह सकते हैं। आंशिक बादल का असर तापमान पर दिख सकता है। बादलों की वजह से न्यूनतम तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी हो सकती है। न्यूनतम तापमान बढ़कर 10 डिग्री सेंटीग्रेड से ऊपर जा सकता है।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय के आवास पर नववर्ष मिलन समारोह

### सेवानिवृत्त अंगरक्षक पीके पंकज को किया गया सम्मानित



**रांचीः** एचईसी परिसर स्थित पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय के आवास पर बुधवार को नये वर्ष के आगमन पर मिलन समारोह का आयोजन किया गया। श्री सहाय ने सभी आगंतुकों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। मौके पर श्री सहाय के अंगरक्षक रहे पीके पंकज (पुलिस अवर निरीक्षक) को सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। श्री सहाय ने उन्हें शॉल भेंट कर सम्मानित किया। विदित हो कि पीके पंकज लगभग बीस वर्ष तक श्री सहाय के अंगरक्षक के पद पर कार्यरत रहे। इस अवसर पर कांके के विधायक सुरेश बैठा, खिजरी के विधायक राजेश कच्छप, कांग्रेस नेता सुनील कुमार सहाय, सीपीआई के सचिव अजय सिंह, कांग्रेस नेता सुरेंद्र सिंह, दीपक लाल, कमल ठाकुर, विशाल सिंह, गौतम उपाध्याय, सत्येन्द्र सिंह, राजू राम, योगेंद्र सिंह बेनी, श्रमिक नेता दिलीप सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय के निजी सहायक दीपक प्रसाद,कांग्रेस नेता पवन सिंह,पंकज कुमार, धीरेन्द्र सिंह बमबम, संतोष कुमार सिंह, शिवाकांत पांडेय, आलमगीर अंसारी, मो.इकबाल सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।


**Office of the Executive Engineer**
**Road Construction Department,**
**Road Division,Garhwa.**

**e-Procurement Notice**
**For National Competitive Bidding**
**(Very Short Term Tender)**

e-Tender Reference No. : RCD/GARHWA/141/2023-24 (2nd Call)

Date:- 30.01.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Improvement of Riding Quality work of Bhandaria-Tihri via Bargar Road in km. 0.00 to 25.90 km. under Road Division, Garhwa |
| 2a. | Approximate Value of Work | Rs. 17,99,70,345.00 (Rupees Seventeen crore Ninety Nine Lakh Seventy thousand Three hundred Forty Five) only. |
| b. | Bid Security* | Rs. 18,00,000.00 (Rupees Eighteen Lac) only. |
| 3. | Time of Completion | 05 (Five) Months. |
| 4. | Last date/Time for receipt of bids | 13-01-2024, 12.00 Noon |
| 5. | Date of Publication of Tender on website | 05-01-2024, 10.30 A.M. |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, RCD, Road Division, Garhwa Pin Code - 822114 |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | 06561-295161 |
| 8. | Helpline number of e - Procurement cell | 0651-2401010 |

Note :- The Bid Amount & Bid security will be decrease or increase.
*Further details can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in
UCAN registration is mandatory for the bidders who are already registered in appropriate class with road construction department Govt. of Jharkhand.

Executive Engineer,
Road Construction Department,
Road Division,Garhwa.

PR 317528 Road(23-24)D


## माता रानी के भजनों से गुंजायमान हुआ देवी मंडप



**रांची** : रांची शहर के हरमू रोड स्थित देवी मंडप में मंगलवार को तीन दिवसीय महाआरती का 12वां वार्षिक उत्सव शुरू हुआ। भोले की फौज टीम ने माता के भजनों की प्रस्तुति दी। चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है, गुरुदेव दया कर-के मुझको अपना लेना जैसे भजनों से भक्त भाव विभोर हो गए। देवी मंडप माता के जयकारे से गुंजायमान रहा। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच खीर प्रसाद का वितरण किया गया।

**सत्यनारायण पूजा के साथ होगा नये साल का शुभारंभः** बुधवार को सत्यनारायण पूजा के साथ नये साल का शुभारंभ होगा। इस अवसर पर भगवान सत्यनारायण का पूजन, कथा के बाद आरती होगी। इसके बाद दोपहर में भक्तों के बीच खिचड़ी भोग का वितरण होगा। शाम में माता का भव्य श्रृंगार होगा। शाम 7 बजे 301 सुहागिन महिलाएं पारंपरिक वेश-भूषा में माता की महाआरती करेंगी। शाम 7.30 से महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। 2 जनवरी को सुहाग पोटली वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

## आदिम जाति सेवा संस्थान ने बच्चों के लिए किया पिकनिक का आयोजन



**रांचीः** श्री डोरंडा बाजार काली पूजा समिति डोरंडा द्वारा नववर्ष के अवसर पर आदिम जाति सेवा संस्थान द्वारा संचालित निराश्रित बच्चों के लिए पिकनिक का आयोजन किया गया। समिति द्वारा बच्चों के लिए नाश्ता भोजन व मिठाई की व्यवस्था की गयी। बच्चों ने नववर्ष के अवसर पर पिकनिक का भरपूर आनंद उठाया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष राजू चौरसिया, सचिव जयदेव घोष के अलावा सुनील सिन्हा, प्रकाश वर्मा, विवेक सहाय, विजय सिन्हा, राजेश वर्मा ,प्रदीप पांडेय, रवि गौड़ निर्मल गुप्ता, प्रदीप घोष, राहुल चौरसिया, प्रकाश, मामा शंकर घोष, प्रदीप कुमार, मन्ना शंभु गुप्ता, कुंदन प्रसाद सहित बड़ी संख्या में समिति सदस्य उपस्थित थे। उक्त जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी मनोज वर्मा ने दी।


**Government of Jharkhand, Urban Development & Housing Department**
**Municipal Corporation, Hazaribag**

**e- Procurement (Short Notice Inviting Tender)**

**Reference No. - UDD/HMC/HZB/27/2023-24** (3rd Call)

1. Detail of work

| Group No. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 8. | Construction of R.C.C. Drain from the H/o Biltu Singh to Yugal Prasad to via H/o Late Krishna Ballabh in Krishna Puri in Ward No. 07 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 14,42,592/- | 30,000/- | 5,900/- | 04 Month |
| 2 | Date of Publication of Tender on website | 03.02.2024 at 11:00 A.M. | | | |
| 3 | Last Date/Time of receipt of bids online | 10.02.2024 up to 5:00 P.M. | | | |
| 4 | Bid Opening date | 12.02.2024 at 11:00 A.M. | | | |
| 5 | Name & Address of office inviting tender | Municipal Commissioner Cum Administrator Municipal Corporation, Hazaribag. | | | |
| 6 | Contact No. of Procurement officer | 8219204356 | | | |

**NOTE :**
- Only e-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in
- **e-Procurement** में **Tender Fee** एवं **EMD** की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस विभाग, झारखण्ड, रांची का आदेश ज्ञापांक 120, दिनांक 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड रांची का पत्रांक 05/विविध (e-Tender)–12/2023/नaवि– 4847 (अनु.) दिनांक 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

Sd/-
Administrator
Municipal Corporation, Hazaribag

PR 317508 Urban Development and Housing (23-24)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा**

**ई-अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/35/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Driveway at Bhodi Farm, Chatra Part-1; Construction of Driveway at Bhodi Farm, Chatra Part-2 | 49,38,400.00 | 98,800/- | 10,000.00 | 03 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि –07.02.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय–दिनांक–07.02.2024 से दिनांक–15.02.2024 के अपराह्न 06:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 19.02.2024 अपराह्न 02:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा

PR 317435 Rural Development (23-24)_D


### झारखंड पुलिस के लिए उपलब्धियों वाला रहा साल 2024

# 244 नक्सली और 154 गैंगस्टर गिरफ्तार को किया गिरफ्तार

**रांची** : 2024 में वामपंथी उग्रवाद के खतरे से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम में झारखंड पुलिस ने 244 माओवादियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है, जिनमें प्रमुख नेता और एक स्पेशल एरिया कमेटी (एसएसी) सदस्य, दो जोनल कमांडर, छह सब-जोनल कमांडर और छह शामिल हैं। आईजी (संचालन) एवी होमकर ने कहा कि पुलिस ने एसएसी सदस्य जया दी उर्फ ??चिंता, जोनल कमांडर शंभू गंझू उर्फ ??रवि गंझू, जिसके सिर पर 10 लाख रुपये का इनाम था, और सीताराम रजवार उर्फ ??रमन रजवार को भी उठाया, जिस पर 10 रुपये का इनाम था। उन्होंने कहा कि सीपीआई (माओवादी) से अलग हुए समूह तृतीय प्रस्तुति कमेटी (टीपीसी) के कई चरमपंथियों को भी गिरफ्तार किया गया, जिनमें आदेश कुमार गंझू, सबिता शर्मा उर्फ ??राजा जी और अन्य शामिल हैं, जिन पर कुल 36 लाख रुपये का इनाम था।

**मामलों की जांच के सिलसिले में झारखंड, छत्तीसगढ़ में छापे मारे**



**246.40 किलोग्राम विस्फोटक जब्त :** पुलिस ने 246.40 किलोग्राम विस्फोटक और लेवी के रूप में वसूले गये 13.39 लाख रुपये भी जब्त किये। इसके अलावा, पुलिस मुख्यालय के एक बयान में दावा किया गया कि माओवादियों द्वारा लगाए गए 239 इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) को पुलिस ने नष्ट कर दिया। साइबर अपराध के मोर्चे पर, झारखंड पुलिस ने 1,295 मामले दर्ज किए, जिससे 971 गिरफ्तारियां हुईं। अधिकारियों ने 2,118 मोबाइल फोन, 2,905 सिम कार्ड, 606 एटीएम कार्ड, 165 बैंक पासबुक और 52 लैपटॉप समेत अन्य सामान बरामद किया। साइबर अपराध के मोर्चे पर,

### अलकायदा से जुड़े चार गुर्गों को किया गया गिरफ्तार

नशीली दवाओं के विरोधी अभियानों में पुलिस ने नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों में शामिल 1,362 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दावा किया कि आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने भी प्रगति करते हुए अलकायदा से जुड़े चार गुर्गों को गिरफ्तार किया है। होमकर ने कहा कि झारखंड पुलिस ने भी अपने कर्मियों की भलाई पर ध्यान केंद्रित किया और सभी जिलों में लोक शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित किए।

झारखंड पुलिस ने 1,295 मामले दर्ज किए, जिससे 971 गिरफ्तारियां हुईं। अधिकारियों ने 2,118 मोबाइल फोन, 2,905 सिम कार्ड, 606 एटीएम कार्ड, 165 बैंक पासबुक और 52 लैपटॉप समेत अन्य सामान बरामद किया।

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## मौत के बोरवेल

ऐसे समय में जब देश-दुनिया नये साल के जश्न में डूबने जा रही है मध्यप्रदेश व राजस्थान में खुले बोरवेल में गिरने से हुई दो बच्चों की मौत विचलित करती है। राजस्थान के दोसा जिले और मध्यप्रदेश के गुना की घटनाएं पहली बार नहीं हुई हैं। गाहे-बगाहे ऐसी खबरें पूरे देश से आती हैं। यह सोचकर ही मन सिहर उठता है कि कोई बच्चा कैसे एक अंधी सुरंग में भूखे-प्यासे, अपर्याप्त ऑक्सीजन व बिना हिले-डुले कुछ दिन मौत की प्रतीक्षा करता होगा। भय व घुप्प अंधेरे में बच्चा किन मानसिक व शारीरिक यातनाओं से गुजरता होगा, सोचकर भी डर लगता है। लेकिन फिर भी हमारा संवेदनहीन समाज व लापरवाह तंत्र इस त्रासदी को गंभीरता से नहीं लेता। जिस बोरवेल को खुदवाने में लाखों रुपये खर्च होते हैं, उसका मुंह बंद करने के लिये चंद रुपये खर्च करने में लोग आपराधिक लापरवाही दिखाते हैं। राजस्थान के कोटपुतली में बोरवेल में गिरी तीन साल की बच्ची को एक सप्ताह बाद भी न निकाला जाना तंत्र की विफलता को दशार्ता है। निस्संदेह, यह अभियान जटिल बताया जाता है और बारिश ने राहत कार्य में बाधा डाली, लेकिन शुरूआत में प्रशासन की शिथिलता पर सवाल उठे हैं। ऐसे अभियानों में राष्ट्रीय आपदा निरोधक बल तथा स्थानीय सुरक्षा बलों की नाकामी गाहे-बगाहे उजागर होती रहती है। निस्संदेह, ऐसे संकटों में तत्काल कार्रवाई और राहत- बचाव कार्य को आधुनिक तकनीक से शुरू करने की जरूरत महसूस की जाती रही है। यही वजह है कि आए दिन होने वाले बोरवेल हादसों के मद्देनजर देश की शीर्ष अदालत ने वर्ष 2010 में इस बाबत दिशानिर्देश जारी किए थे ताकि ऐसे हादसों को टाला जा सके। जिसमें बोरवेल के चारों ओर बाड़ लगाने तथा मजबूत बोल्ट के साथ स्टील कवर लगाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद आए दिन बोरवेल में बच्चों के गिरने के मामले सामने आ रहे हैं। जाहिर किसान व स्थानीय प्रशासन सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अनदेखी कर रहे हैं। अन्यथा ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति न होती। निस्संदेह, देश के विभिन्न भागों में बोरवेल हादसों का सामने आना जहां निगरानी करने वाले विभागों की लापरवाही को दशार्ता है, वहीं उन लोगों के आपराधिक कृत्य को भी दशार्ता है, जो बोरवेल का मुंह खुला छोड़ देते हैं। वहीं हादसे हमारे समाज में चेतना के अभाव को भी दशार्ते हैं कि खुले बोरवेल के खिलाफ आम लोगों के स्तर पर आवाज नहीं उठायी जाती। यह भी उल्लेखनीय है कि सिंचाई विभाग राज्यों का विषय होने के कारण इसमें केंद्र सरकार का दखल नहीं हो पाता। एक अनुमान के अनुसार देश में करीब पौने तीन करोड़ बोरवेल हैं। जिसमें से बड़ी संख्या में सूख चुके हैं। जिन्हें गैरजिम्मेदार लोगों द्वारा खुला छोड़ दिया जाता है, जो कालांतर हादसे की वजह बन जाते हैं। विडंबना यह भी है कि एनडीआरएफ द्वारा चलाये जाने वाले ऐसे राहत व बचाव के दो तिहाई अभियान नाकाम रहते हैं। दरअसल, सभी राज्यों में ऐसे मामलों में बच्चों की जान बचाने से जुड़े सुरक्षा उपाय हर जिले के अधिकारियों को एक मैनुअल के रूप में दिए जाने चाहिए। ताकि किसी हादसे के बाद राहत-बचाव कार्य तुरंत शुरू करके बच्चों को बचाया जा सके। संकट इस ओर भी इशारा करता है कि ऐसे मामलों में हमारा राहत व बचाव का तंत्र कितना शिथिल व निष्प्रभावी है। अकसर स्थिति जटिल होने पर सेना के विशेषज्ञों की भी मदद ली जाती है। कई बार इतनी देर बाद सेना के विशेषज्ञों को बुलाया जाता है कि बच्चों के बचने की उम्मीद क्षीण हो चुकी होती है। निश्चित रूप से बोरवेल की देखरेख करने वाली एजेंसियों के अधिकारियों की जवाबदेही तय करने का वक्त आ गया है। ऐसे मामलों में लापरवाही दिखाने वाले अधिकारियों को दंडित करने की जरूरत है। उनका दायित्व बनता है कि खुले बोरवेल के मालिकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। समाज के लोगों को भी इस बाबत सचेत करने की जरूरत है ताकि वे प्रशासन को खुले बोरवेल की सूचना दे सकें। यदि समाज सचेत और संवेदनशील रहेगा तो उसका दबाव प्रशासन भी महसूस करेगा। फिर इस सजगता-सतर्कता से कई बच्चों की अनमोल जिंदगी बचायी जा सकेंगी।

## साइबर क्राइम का शिकंजा

देश में साइबर अपराधों में लगातार आ रही तेजी सरकार और आम जनता की चिंता का सबब बनी हुई है। हालांकि सरकार के नियामक संगठन और खुफिया एजेंसियां लगातार सक्रिय हैं लेकिन अपराधी अपराध के नये-नये तौर-तरीकों से अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम देने में लगे हैं। यद्यपि, यह संकट विश्वव्यापी है, लेकिन देश में डिजिटलीकरण के प्रयासों के बाद इन अपराधों में तेजी आई है। इंडियन साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर के इस माह के शुरूआत में आए आंकड़ों में बताया गया कि इस साल सितंबर तक देश में साइबर धोखाधड़ी से 11,333 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। चौंकाने वाली बात यह है कि इस दौरान स्टॉक ट्रेडिंग घोटालों में सर्वाधिक सवा दो लाख शिकायतें आईं और करीब साढ़े चार हजार करोड़ का नुकसान बताया गया। यह बताता है कि देश में साइबर अपराध का जाल कितना दायरा बढ़ा चुका है। उल्लेखनीय है कि गृह मंत्रालय की साइबर अपराधों पर नजर रखने वाली एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार देश में नवंबर तक साइबर धोखाधड़ी की बारह लाख शिकायतें आईं, जिनमें से 45 फीसदी मामलों को म्यांमार, लाओस व कंबोडिया आदि से अंजाम दिया गया। इस तरह ऑनलाइन वित्तीय सेवाओं में साइबर सेंधमारा का मकड़जाल लगातार उपभोक्ताओं की मुसीबतों का सबब बन रहा है। मोबाइल स्पाइवेयर भी एक बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं, जो उपभोक्ताओं की आवश्यक गुप्त रूप से जानकारियां चुरा लेते हैं। जिसके सहारे वित्तीय फ्रॉड को अंजाम दिया जाता है। हाल के दिनों में साइबर अपराधों में नया तरीका डिजिटल अरेस्ट जुड़ गया है, जिसके जरिये देश की वित्तीय नियामक एजेंसियों व पुलिस के नाम पर लोगों से करोड़ों रुपये वसूले जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि साइबर हमलों के अलावा ऑनलाइन फ्रॉड और सेक्सटार्शन के मामले भी सामने आ रहे हैं। साथ ही डाटा चोरी, रैनसमवेयर, ऑनलाइन घृणा फैलाने, साइबर बुलिंग तथा नागरिक सेवाओं व अस्पतालों पर हमले के मामले सामने आते रहते हैं। इसमें शत्रु देशों की तरफ से देश की अर्थव्यवस्था व आंतरिक सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने की कोशिश भी शामिल होती है। विडंबना यह है कि देश में साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये अलग से कड़ा कानून नहीं है। दूसरी ओर आईटी एक्ट में संशोधन कर लाए गए प्रावधान इन साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने में पूरी तरह से कामयाब नहीं हो पा रहे हैं। साइबर अपराधों पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिये केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए साइबर को-ऑर्डिनेशन सेंटर को और अधिक प्रभावशाली बनाये जाने की जरूरत है, जिसने पिछले दिनों दक्षिण पूर्व एशिया से सक्रिय साइबर अपराधियों पर अंकुश लगाने की दिशा में पहल की थी। निस्संदेह, इस संकट के मुकाबले के लिये जहां सरकारों को सख्त कानून बनाने की जरूरत है, वहीं नागरिकों को इन अपराधों से बचने के लिये जागरूक करने की जरूरत है। जिसमें केंद्र व राज्य स्तर पर साइबर नियंत्रक पुलिस बल की आवश्यकता भी महसूस की जा रही है।

# हम 'अभिनव' वर्ष पर आप सबके प्रति शुभकामना

**हम यहाँ आप सबको 'अभिनव' शब्द के अर्थ और उसके प्रयोग के औचित्य को उत्पत्ति–सहित समझायेंगे। इसके अतिरिक्त नव, नया, नवल, नवीन, नूतन इत्यादिक शब्दों पर भी प्रकाश डालेंगे। आपको चाहिए कि 'अभिनव' का मूल शब्द 'नव' है, जिसके पूर्व में 'अभि' उपसर्ग प्रयुक्त है। यहाँ इस 'अभि' उपसर्ग का अर्थ किसी प्रकार की विशेषता अथवा 'श्रेष्ठता' का सूचक है।**

**आचार्य पं० पृथ्वीनाथ पाण्डेय**

नववर्ष का मौका है और हम एक-दूसरे को नये साल की बधाई और शुभकामनाएं देने के लिए अलग-अलग तरह के वाक्यों का प्रयोग करते हैं, जैसे- नव/नये वर्ष में आप सबका स्वागत है या नववर्ष की शुभ कामनाएं या फिर नूतन वर्ष की शुभ कामनाएँ देता हूँ; परन्तु इनमें से कोई वाक्य शुद्ध नहीं है। आप प्रश्न कर सकते हैंझ ऐसा क्यों? हम यहाँ एक-एक गुत्थी सुलझाते हुए, आप सबको शुद्ध और उपयुक्त प्रयोग से अवगत करायेंगे। हमने शीर्षक में 'नव' एवं 'नये वर्ष' के स्थान पर 'अभिनव वर्ष' का प्रयोग किया है, जो हमारे पाठिका-पाठकवर्ग को थोड़ा-बहुत चौंका सकता है; परन्तु जब कोई व्याकरणवेत्ता एवं भाषाविज्ञानी कुछ अलग हटकर प्रयोग करता है तब उसे ग्रहण करने की क्षमता विकसित करनी चाहिए; क्योंकि वह आपकी शब्द-सामर्थ्य में वृद्धि करता जान पड़ता है।

हम यहाँ आप सबको 'अभिनव' शब्द के अर्थ और उसके प्रयोग के औचित्य को उत्पत्ति-सहित समझायेंगे। इसके अतिरिक्त नव, नया, नवल, नवीन, नूतन इत्यादिक शब्दों पर भी प्रकाश डालेंगे। आपको चाहिए कि 'अभिनव' का मूल शब्द 'नव' है, जिसके पूर्व में 'अभि' उपसर्ग प्रयुक्त है। यहाँ इस 'अभि' उपसर्ग का अर्थ किसी प्रकार की विशेषता अथवा 'श्रेष्ठता' का सूचक है। इसप्रकार 'अभिनव' का अर्थ हुआ- 'श्रेष्ठ नया'। 'श्रेष्ठ' सर्वोत्तम-अवस्था/सर्वोत्तमावस्था का शब्द है। जो भी विद्यार्थी और अध्यापक 'सर्वश्रेष्ठ' का प्रयोग करते हैं, उनका यह प्रयोग अशुद्ध कहलायेगा; क्योंकि सामान्यावस्था के शब्द 'श्रेष्ठ' के रूप हैंझ श्रेष्ठ-श्रेष्ठतर-श्रेष्ठतम। यहाँ 'श्रेष्ठ नया' का अर्थ है, 'सर्वथा नया'।

अब 'अभिनव' की उत्पत्ति को समझें। यह संस्कृत-भाषा का शब्द है। जैसा कि हम बता चुके हैं कि इसके मूल शब्द मे 'अभि' उपसर्ग युक्त है। 'स्तुति करना' के अर्थ में यह 'नु' धातु का शब्द है, जिसके अन्त मे 'अप्' प्रत्यय जुड़ा हुआ है। इसप्रकार 'अभिनव' शब्द की उत्पत्ति होती है। यह शब्दभेद के विचार से विशेषण का शब्द है और लिंगभेद की दृष्टि से पुंल्लिंग-शब्द। 'अभिनव' के समानार्थी शब्द हैंझ नया, नव, नवीन, नव्य तथा नूतन इत्यादिक, जिनमें तात्त्विक अन्तर होता है। इसका शुद्ध और उपयुक्त वाक्य-प्रयोग हैंझ हमारे पाठिका-पाठकवर्ग का अभिनव वर्ष में स्वागत है। अब आप सोच रहे होंगे कि संज्ञा-शब्द 'वर्ष' के साथ विशेषण-शब्द 'अभिनव' का प्रयोग क्यों, तो जान लें कि हम यदि यहाँ 'नव वर्ष'/ 'नूतन वर्ष' / 'नया वर्ष' का व्यवहार करते हैं तो वह 'अभिनव' की तुलना में उतना प्रभावक प्रयोग नहीं दिखेगा; क्योंकि वर्ष 2025 या अन्य कोई वर्ष न कभी आया था और न ही आयेगा।

पहले यह जान लें कि 'अभिनव' ऐसा शब्द है, जिसके प्रयोग को लेकर भ्रम और संशय बना रहता है, इसलिए कि इसका समध्वनिमूलक/समोच्चारित शब्द 'अभिनय' है; परन्तु अर्थ मे भिन्नता रहती है। यही कारण है कि जब किसी पाण्डुलिपि की टंकित प्रति संशोधकों को पढ़ने के लिए दी जाती है तब अधिकतर संशोधक 'अभिनव' शब्द से परिचित न होने के कारण 'अभिनव' के अन्त में प्रयुक्त अक्षर 'व' के स्थान पर 'य' कर देते हैं, जिससे कि 'अनर्थ' हो जाता है। 'अभिनव' को 'नितान्त'/'सर्वथा' (बिलकुल) नया' कहा जाता है। इसका एक अन्य अर्थ भी है; और वह है, आधुनिक युग की विशेषताओं से युक्त। जैसे- वर्ष 2025 एक अभिनव वर्ष है। 'अभिनव' की परिभाषा हैझ जो आधुनिक युग की विशेषताओं से युक्त हो, उसे 'अभिनव' कहते हैं। आधुनिक युग वह है, जिस वर्तमान को व्यक्ति जी रहा होता है। वह अतीत हो जाने के बाद भविष्य में प्रकट नहीं होता।

अब समध्वनिमूलक शब्द 'अभिनय' का बोध करें। इस शब्द मे भी 'अभि' उपसर्ग है; किन्तु यहाँ धातु मे बदलाव दिखता है। इस शब्द मे 'ले जाने' के अर्थ में 'नी' धातु का प्रयोग दिखता है, जिसमे 'अच्' प्रत्यय जुड़ा हुआ है। 'अभिनय' को 'नाटक का खेल' कहा जाता है। जब किसी के भाषण वा चेष्टा को कुछ अवधि के लिए धारण किया जाता है तब उसे 'अभिनय' कहते हैं। 'अभिनय' के भिन्नार्थी शब्द हैंझ नक़्ल (शुद्ध शब्द 'नक़्ल' है, जो कि 'अरबी-भाषा' का शब्द है।); स्वाँग; खेल आदिक। 'अभिनय' का अर्थ हैझ नाटक इत्यादिक में कलात्मक ढंग से हाव-भाव का प्रदर्शन।

हमें आशा है कि आप सब अब नया वर्ष के संदर्भ में 'अभिनव' का ही व्यवहार करेंगे।

हम अब आपको इससे सम्बन्धित पर्यायवाची शब्द कहलाने वाले शब्दों की कारण सहित जानकारी देंगे। आप अब 'अवार्चीन' शब्द को समझें। यह संस्कृत-भाषा से उत्पन्न शब्द है। 'अवार्चीन' का मूल शब्द 'अर्वाच्' है, जिसमें 'ख' और 'ईन' का योग है। इस प्रकार 'अवार्चीन' नामक विशेषण-शब्द की उत्पत्ति होती है। इसका शाब्दिक अर्थ है, जो वर्तमान समय मे बना वा निर्मित हुआ हो। जैसे- अवार्चीन साहित्य, अवार्चीन चिकित्सा-पद्धति। आप सबकी उत्सुकता और जिज्ञासा 'नया' शब्द को समझने की होगी, तो यह जान-समझ लें कि 'नया' हिन्दी-भाषा का शब्द है, जो कि शब्दभेद के विचार से विशेषण का शब्द और लिंग-दृष्टि से पुंल्लिंग का। इसके समानार्थी शब्द हैंझ नवीन, नूतन, हाल का, ताजा इत्यादिक। यह पुराना के साथ प्रयोग होनेवाला (नया-पुराना) विपरीतार्थक शब्द-युग्म है। आप अब इसकी परिभाषा समझें- जो कुछ ही समय पहले अस्तित्व मे आया हो, वह 'नया' है। जैसेझ उसने नया घर खरीदा है। इस 'नया' शब्द के रूप-प्रयोग को लेकर हमारे विद्यार्थियों और सामान्य जन की कठिनाई अब भी देखी जा सकती है। उदाहरण के लिएझ नया से 'नयी' और 'नये' की रचना होती है, जबकि बड़ी संख्या में 'नई' और 'नए' के प्रयोगकर्त्ता हैं, जोकि गलत है। आप 'नया' का एक और उदाहरण देखेंझ मेरे घर के आस-पास अनेक नये घर निर्मित हो चुके हैं। मूल शब्द 'नया' है। इस नया शब्द के अन्त मे 'या' है, इसलिए 'या' का अस्तित्व समाप्त नहीं होगा; न के साथ 'यी' और 'ये' का ही प्रयोग होगा, तभी व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध माना जायेगा; क्योंकि ये सारे शब्द स्वरयुक्त हैं। उदाहरण के लिएझ नया संसार; नयी दुनिया। इसी 'नया' शब्द से 'नवीनता'/'नूतनत्व'/'नया होने के भाव' के अर्थ मे संज्ञा एवं पुंल्लिंग-शब्द 'नयापन' की रचना होती है। इस विशेषण-शब्द 'नया' मे 'पन' नामक हिन्दी का प्रत्यय जुड़ा हुआ है।

इसी 'नया' से मिलता-जुलता 'नव' शब्द है, जोकि संस्कृत-भाषा से उत्पन्न है। शब्दभेद के विचार से 'नया' विशेषण-शब्द है तथा लिंगभेद की दृष्टि से पुंल्लिंग। यह 'स्तुति करना' के अर्थ में 'नु' धातु का शब्द है, जिसके अन्त मे 'अच्' प्रत्यय का योग है। इस प्रकार 'नव' शब्द का सर्जन होता है। 'नया', 'नवीन', 'आधुनिक' इत्यादिक के अर्थ में 'नव' शब्द का प्रयोग होता है। अब यहाँ 'प्रयोग' के आधार पर तीन प्रकार के अर्थ निकलते हैंझ पहला, आधुनिक; दूसरा, 'नौ' की संख्या तथा तीसरा, नौ प्रकार का। पहले का उदाहरण हैंझ आज समाज मे नवरस की महत्ता है। दूसरे का उदाहरण हैंझ वह 9 जनवरी को पैदा हुआ था। तीसरे का उदाहरण हैंझ अकबर के नवरत्न इतिहास-प्रसिद्ध रहे हैं। एक अन्य शब्द 'नवल' भी है, जो हिन्दी-भाषा का शब्द है। यह शब्द 'नवीन' के बहुत समीप है। अब आप 'नवल' को समझेंझ जिसमें कोई नया आकर्षण अथवा नयी विशेषता दिखे, वह 'नवल' है। 'नवल' का एक अन्य अर्थ 'उज्ज्वल' ('उज्जवल' अशुद्ध है।) भी है। जब 'नवीन' शब्द का संदर्भ आ ही गया तब हम इसका भी बोध कर लें। 'नवीन' का मूल शब्द 'नव' है, जिसमें 'ख' का योग है तथा 'ईन' का भी। इस प्रकार व्याकरणीय नियम के अनुसार, 'नवीन' शब्द का सर्जन ('सृजन' अशुद्ध है।) होता है, जोकि शब्दभेद की दृष्टि से विशेषण-शब्द है और लिंग-विचार से पुंल्लिंग-शब्द। क्या आपको मालूम हैंझ 'नवीन' का स्त्रीलिंग-शब्द 'नवीना' है। इसी में 'प्र' उपसर्ग को युक्तकर 'प्रवीना' शब्द गठित होता है, जिसका पुंल्लिंग-शब्द 'प्रवीन' है। अब 'नवीन' का अर्थ समझते हैंझ जो अभी का अथवा थोड़े समय का हो। जैसेझ उसने नवीन आदर्श उपस्थित किया है। इसके समानार्थी शब्द हैंझ नया, नूतन, हाल का इत्यादिक। इसके भिन्नार्थक शब्द हैंझ विचित्र; अपूर्व; नवयुवक आदिक। 'नवीन' का विपर्याय (विपरीत/विलोम) शब्द 'प्राचीन' है। हम अब 'नव्य' शब्द को समझते हैं, जिसका प्रयोग प्रायः शिक्षा एवं साहित्य क्षेत्रों में किया जाता है। पहले आप इसकी उत्पत्ति को समझें। 'नव्य' का मूल शब्द 'नव' है, जिसमे 'यत्' प्रत्यय के योग से 'नवीन' के अर्थ मे विशेषण-शब्द 'नव्य' की उत्पत्ति होती है, जो कि पुंल्लिंग का शब्द है। इसी नवीन को 'नव्य' कहते हैं। 'नव्य' का एक अन्य अर्थ 'स्तुति करने-योग्य' भी है। एक अन्य विशेषण 'नवेला' का भी प्रयोग 'नव्य' के अर्थ मे किया जाता है। हिन्दी-शब्द 'नवेला' की उत्पत्ति 'नव' शब्द से होती है। इस 'नवेला' नामक पुंल्लिंग-शब्द का स्त्रीलिंग 'नवेली' है। 'तरुण' और 'जवान' को भी 'नवेला' कहा जाता है। नया वर्ष के लिए 'नूतन' का भी प्रयोग होता है। हम पहले 'नूतन' शब्द की व्युत्पत्ति को समझेंगे, जोकि संस्कृत-भाषा से उत्पन्न शब्द है।

**(लेखक वैयाकरण एवं भाषाविज्ञानी हैं।)**

# खेल जगत के लिए ऐतिहासिक और प्रेरणादायक रहा 2024

**2024 में खेलों में तकनीकी उन्नति ने निर्णायक भूमिका निभाई। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और वर्चुअल रियलिटी ने खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और प्रदर्शन विश्लेषण को नई दिशा प्रदान की। इसके अलावा दर्शकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एआर (ऑगमेंटेड रियलिटी) तकनीक का उपयोग किया गया। विश्वनाथन आनंद के बाद इस वर्ष शतरंज के नए चैंपियन उभरकर दुनिया के सामने आए और शतरंज ने खेल प्रेमियों को जश्न मनाने का भरपूर मौका दिया।**

**योगेश कुमार गोयल**

2024 का वर्ष खेल जगत के लिए कई मायनों में अद्वितीय, ऐतिहासिक और प्रेरणादायक रहा। यह वर्ष न केवल नई उपलब्धियों और नए रिकॉर्ड का गवाह बना बल्कि कई युवा खिलाड़ियों के उदय के अलावा खेल में नई तकनीकों के समावेश का मार्ग भी प्रशस्त हुआ। खेल संस्कृति में बदलाव और तकनीकी उन्नति के कारण खेलों के अनुभव को नई ऊंचाईयां मिली। वर्ष 2024 भारतीय खेलों में क्रिकेट, ओलंपिक, पैरालंपिक, शतरंज ओलंपियाड और फिडे विश्व चैंपियनशिप में सफलता के लिए याद किया जाएगा। भारतीय एथलीटों ने इस वर्ष विभिन्न अंतरराष्ट्रीय टूनामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। वॉलीबॉल और टेबल टेनिस जैसे खेलों में भी भारतीय खिलाड़ियों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। क्रिकेट से लेकर टेनिस, हॉकी, शतरंज के अलावा भारत ने पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक में भी अपना लोहा मनवाया। भारत का इन खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन रहा, जिससे समस्त देशवासी गौरवान्वित हुए। भारत में आयोजित एशियाई खेल और विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप ने वैश्विक स्तर पर भारत को एक प्रभावशाली खेल मेजबान के रूप में स्थापित किया। एक क्रिकेट विश्व कप, 6 ओलंपिक पदक, 29 पैरालंपिक पदक और दो शतरंज विश्व चैंपियनशिप सहित 2024 ने भारतीय खेल प्रशंसकों को जश्न मनाने के कई ऐसे अवसर प्रदान किए, जिससे खेलों की दुनिया में भारत का भविष्य उज्जवल नजर आता है।

2024 में खेलों में तकनीकी उन्नति ने निर्णायक भूमिका निभाई। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और वर्चुअल रियलिटी ने खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और प्रदर्शन विश्लेषण को नई दिशा प्रदान की। इसके अलावा दर्शकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एआर (ऑगमेंटेड रियलिटी) तकनीक का उपयोग किया गया। विश्वनाथन आनंद के बाद इस वर्ष शतरंज के नए चैंपियन उभरकर दुनिया के सामने आए और शतरंज ने खेल प्रेमियों को जश्न मनाने का भरपूर मौका दिया। हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में 45वें चेस ओलंपियाड का आयोजन हुआ था, जिसमें पुरुष वर्ग में 195 देशों की 197 टीमों और महिला वर्ग में 181 देशों की 183 टीमों ने हिस्सा लिया था। भारत की पुरुष और महिला दोनों ही टीमों ने सितंबर में इस ओलंपियाड में पहली बार स्वर्ण पदक जीते, वहीं डी गुकेश और कोनेरू हम्पी ने दिसंबर में विश्व खिताब के साथ नई ऊंचाईयों को छुआ। 12 दिसंबर को सिंगापुर में आयोजित विश्व शतरंज चैंपियनशिप में गुकेश ने महज 18 वर्ष की आयु में पिछली बार के शतरंज चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को हराकर सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बनकर नया इतिहास रचा। वह विश्वनाथन आनंद के बाद वैश्विक खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय बने, वहीं 37 वर्षीया हम्पी ने 28 दिसंबर को अपने कैरियर में दूसरी बार महिलाओं का रैपिड विश्व खिताब जीता। पिछले साल भारत वनडे विश्व कप 2023 का खिताब जीतने से चूक गया था लेकिन इस वर्ष आईसीसी ट्रॉफी जीतने का 11 वर्ष का सूखा समाप्त करने में भारत सफल हुआ। आखिरी बार महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई में भारत ने 2013 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की थी। रोहित शर्मा की कप्तानी में 30 जून 2024 को भारतीय टीम ने बारबाडोस में दक्षिण अफ्रीका को मात देकर टी20 विश्व कप का खिताब जीता। इसी प्रकार भारतीय हॉकी टीम ने पांचवीं बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता। भारत की ओर से जुगराज सिंह ने गोल दागा था, जिसकी बदौलत भारतीय टीम ने चीन को 1-0 से मात देते हुए यह खिताब अपने नाम किया। टेनिस में रोहन बोपन्ना ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 में इटली के सिमोन बोलेली और वावसोरी को मात देकर मेंस डबल्स का खिताब जीता और ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सबसे उम्रदराज पुरुष खिलाड़ी बने। उन्होंने 43 वर्ष की उम्र में यह खिताब अपने नाम किया। जहां तक ओलंपिक और पैरालंपिक में भारत के प्रदर्शन की बात है तो पूरी उम्मीद थी कि भारत इस वर्ष पेरिस में ओलंपिक में नया इतिहास लिखेगा लेकिन 206 देशों के बीच भारत 71वें स्थान पर रहा और भारत का अभियान 1 रजत और 5 कांस्य सहित कुल 6 पदकों के साथ समाप्त हो गया जबकि टोक्यो ओलंपिक में 1 स्वर्ण, 2 रजत और 4 कांस्य सहित 7 पदक जीतने में सफल हुआ था। महिला पहलवान विनेश फोगाट का 100 ग्राम वजन अधिक होने का मामला भारत की पदक उम्मीदों पर सबसे ज्यादा भारी पड़ा था क्योंकि उनके स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीदें लगभग पक्की हो चुकी थी। पेरिस ओलंपिक में भारत भले ही टोक्यो ओलंपिक के रिकॉर्ड को नहीं तोड़ सका लेकिन पुरुष हॉकी टीम का लगातार दूसरी बार पदक जीतना भारत के बेहद महत्वपूर्ण रहा। निशानेबाज मनु भाकर ने तो एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतकर सनसनी मचा दी। वह एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट बनी। टोक्यो ओलंपिक के गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा से स्वर्ण पदक जीतने की सबसे ज्यादा उम्मीदें थी लेकिन वह रजत पदक ही हासिल कर सके। उनके अलावा शूटिंग में सरबजोत सिंह, स्वप्निल कुसाले, कुश्ती में अमन सहरावत और पुरूष हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक में पदक जीते।

पेरिस ओलंपिक के बाद पैरालंपिक खेलों का महाकुंभ तो भारत के लिए अविस्मरणीय बन गया। दरअसल पहली बार हमारे पैरा खिलाड़ी कीर्तिमानों, उपलब्धियों और पदकों का अभूतपूर्व अध्याय रचने में सफल हुए। दिव्यांग होने के बावजूद उन्होंने दिव्यता के साथ जो सफलताएं अर्जित की, वह तमाम लोगों के लिए मिसाल बनी। पेरिस पैरालंपिक में भारत ने 7 स्वर्ण, 9 रजत और 13 कांस्य पदक सहित कुल 29 पदक जीते और पदक तालिका में भारत 18वें स्थान पर रहा। इससे पहले टोक्यो पैरालंपिक में 2020 में भारत ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 5 स्वर्ण सहित कुल 19 पदक हासिल किए थे।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# हनुमान जी की पूजा से शत्रुओं से बचाव

**अध्यात्म**

हनुमान जी, जिन्हें बजरंगबली, महावीर, पवन पुत्र और अनजनी कुमार जैसे अनेक नामों से पूजा जाता है, हिन्दू धर्म के प्रमुख देवताओं में से एक हैं। वे भगवान राम के परम भक्त और महाभारत के काल से पहले के महान योद्धा के रूप में जाने जाते हैं। हनुमान जी की उपासना का विशेष महत्व है, क्योंकि वे शक्ति, साहस, भक्ति और आत्मबलिदान के प्रतीक हैं। उनका व्यक्तित्व अद्वितीय है और उनके बारे में सुनाई जाने वाली कथाएँ हमें जीवन में संघर्ष और कर्तव्य के प्रति समर्पण की प्रेरणा देती हैं।

हनुमान जी का जन्म राजा केसरी और रानी अनजनी के यहाँ हुआ था। माना जाता है कि उनकी माता अनजनी एक बार भगवान शिव की पूजा कर रही थीं, तब भगवान शिव ने उन्हें एक वरदान दिया कि वे उनके पुत्र के रूप में जन्म लेंगे। हनुमान जी के जन्म के समय पवन देव ने भी उनकी रक्षा का वचन लिया, इसलिए हनुमान जी को पवन पुत्र भी कहा जाता है। उनके जन्म के समय ही यह बात स्पष्ट हो गई थी कि वे विशेष शक्तियों के मालिक होंगे। वे बाल्यावस्था में ही अपनी असाधारण शक्तियों का प्रदर्शन करने लगे थे, जैसे आकाश में उड़ना और विभिन्न रूपों को धारण करना। हनुमान जी की एक प्रसिद्ध कथा है जब वे बचपन में सूर्य को गेंद समझ कर उसे पकड़ने के लिए उड़ पड़े थे। उनका उद्देश्य था सूर्य को पकड़ कर खिलौने की तरह खेलना, लेकिन उनके शक्तिशाली बल के कारण यह घटना कुछ अधिक गंभीर हो गई थी। जब सूर्य देव ने इसे देखा, तो उन्होंने हनुमान जी से कहा कि वे उन्हें छोड़ दें। इसके बाद, हनुमान जी ने यह सीख ली कि अपने बल का सही इस्तेमाल करना चाहिए।

हनुमान जी की प्रमुख भूमिका रामायण में है। जब सीता माता का हरण रावण द्वारा किया गया, तो राम जी और उनके भाई लक्ष्मण को सीता का पता नहीं चल पा रहा था। तब हनुमान जी ने अपना पराक्रम दिखाया और लंका पहुंचकर सीता माता का पता लगाया। इसके बाद, उन्होंने सीता माता को रावण के बंदीगृह से छुड़ाने में अहम भूमिका निभाई। उनकी यह सेवा और बलिदान भगवान राम के प्रति उनकी असीम भक्ति को दशार्ता है। महाभारत के युद्ध में लक्ष्मण जी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनका उपचार करने के लिए हनुमान जी को संजीवनी बूटी लाने का कार्य सौंपा गया। हनुमान जी ने हिमालय की ऊँची चोटियों से संजीवनी बूटी लाकर लक्ष्मण जी की जान बचाई। इस घटना ने उनकी महानता और शक्ति को प्रमाणित किया। हनुमान जी का जीवन राम के प्रति अनन्य भक्ति का प्रतीक है।

## सेहत

### सर्दियों में शकरकंद खाने से मिलते हैं ढेरों फायदे

सर्दियों का मौसम शुरू होते ही कुछ चीजों की डिमांड तेजी से बढ़ती है। इन्हीं में से एक शकरकंद है। कुछ लोग इसको भूनकर खाते हैं, तो कुछ लोग उबालकर खाते हैं। इसकी गिनती फल और सब्जियों दोनों में की जाती है और यह ठंड में खूब बिकता है। शकरकंद न सिर्फ खाने में स्वादिष्ट होता है बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी काफी अच्छा माना जाता है। शकरकंद में कई ऐसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो हमारे शरीर के लिए अच्छे माने जाते हैं। बता दें कि शकरकंद में कार्बोहाइड्रेट और फाइबर की भरपूर मात्रा पाई जाती है। इसकी वजह से लोग आलू की जगह शकरकंद खाने की सलाह देते हैं। शकरकंद में विटामिन ए की अच्छी मात्रा पाई जाती है। वहीं इसमें मौजूद फाइबर मेटाबॉलिज्म को तेज करता है। इसके अलावा शकरकंद में जिंक, कार्बोहाइड्रेट और मैग्नीशियम जैसे तत्व पाए जाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसकी तासीर गर्म होती है या ठंडी। तो इस आर्टिकल में हम आपको बताने जा रहे हैं कि शकरकंद की तासीर ठंडी होती है या गर्म। बहुत से लोगों को शकरकंद खाना पसंद होता है। लेकिन लोग कंफ्यूज होते हैं कि इसकी तासीर ठंडी होती है या गर्म। तो बता दें कि शकरकंद की तासीर गर्म होती है, इसलिए सर्दियों में इसका अधिक सेवन किया जाता है। क्योंकि इसमें विटामिन सी की अच्छी मात्रा पाई जाती है। जो आपकी इम्यूनिटी को मजबूत करता है और फ्लू जैसी समस्याओं से बचाता है। साथ ही यह शरीर को सर्दी भी प्रदान करता है। सर्दियों में शकरकंद का सेवन स्वास्थ्य के लिहाज से काफी फायदेमंद माना जाता है। इसको खाने से रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### घरेलू विवाद मे महिला ने की आत्महत्या

साहिबगंजः जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत जयप्रकाश चौक शकरुगढ़ मे विवाहिता ने पंखे से लटक अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। पति ने बहुत प्रयास कर कमरे का दरवाजा तोड़ कर महिला को उतरा . आनन फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल मे भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक मुकेश कुमार ने महिला को मृत घोषित कर दिया। महिला का नाम नितुला देवी पति गोपाल मंडल बताया गया है।पति ने बताया कि घरेलू विवाद में मामूली बात से कहा सोनी शुरू हुई। अचानक पत्नी ने गुस्से में आकर अपने कमरे का दरवाजा बंद कर लिया।दुपट्टा को फंदा बनाकर पंखे से लटक कर आत्म हत्या कर ली बताया गया है। कि महिला की शादी बीते 3 वर्ष पूर्व हुई थी।मृतका आने पीछे 2 वर्ष की पुत्री छोड़ गई है।मृत्यु की खबर पाकर परिजनों का रो तो कर बुरा हाल है।

### 59वीं राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री के लिए सुजीत सरकार चयनित



साहिबगंजःझारखंड राज्य एथलेटिक्स संघ एवं पूर्वी सिंहभूम एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वाधान में 31 दिसंबर को जमशेदपुर में संपन्न 16वीं झारखंड राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में जिले के राजमहल निवासी सुजीत सरकार पुरुष क्रॉस कंट्री दौड़ 10 किलो मीटर में चौथे स्थान पर रहे।इसके साथ ही सुजीत सरकार का चयन झारखंड क्रॉस कंट्री दौड़ पुरुष वर्ग की टीम में किया गया । जो आगामी 12 जनवरी 2025 को उत्तर प्रदेश के मेरठ शहर में आयोजित 59वीं राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री दौड़ में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।जिला खेल पदाधिकारी श्री पंकज कुमार झा, जिलाओलंपिक संघ के अध्यक्ष राजेश यादव, सचिव माधवचंद्र घोष, उपाध्यक्ष कल्याण श्रीवास्तव, अधिवक्ता ओम तत्सत कोषाध्यक्ष संतोष उर्फ टिंकू , खेल विभाग के प्रशिक्षक योगेश यादव,अशोक साहनी, प्रकाश सिंह बादल, एथलेटिक्स संघ के निमाई चौधरी,गौरव झा समेत जिले वासियों ने बधाई दी।

### नेत्रहीन और वृद्धजनों के बीच लगातार हो सेवा का कार्य : दुर्गा सिंह



**साहिबगंज :** आशा ज्योति न्यास के द्वारा नेत्रहीन बच्चों और वृद्ध आश्रम के सभी वृद्धो को भोजन कराया गया।इस अवसर पर संस्था के दुर्गा सिंह और दीपक कुमार ने बताया कि प्रत्येक वर्ष आशा ज्योति न्यास के द्वारा दिव्यांग,नेत्रहीन और वृद्ध आश्रम में वस्त्र और भोजन का वितरण किया जाता है।हम लोगों का प्रयास है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा का कार्य पहुंचे।इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी ने कहा कि समाज के इस प्रकार के लोग हम लोगों की जिम्मेवारी हैं।पहली प्राथमिकता पर सरकार की योजनाओं का लाभ और अन्य संसाधन कैसे उपलब्ध कराया जाए इसके लिए निरंतर प्रयास जारी है।उन्होंने कहा कि नेत्रहीन और दिव्यांग के बीच सेवा का कार्य लगातार होते रहना चाहिए।इस अवसर पर रूबी कुमारी,किरण कुमारी मोहम्मद इकबाल सहित कई लोग उपस्थित थे।

### माओवादी रिजनल कमांडर छोटू खरवार की हत्या मामले में एक गिरफ्तार

**लातेहार :** भाकपा माओवादियों के रिजनल कमांडर छोटू खरवार की हत?या ममाले में लातेहार पुलिस ने एक माओवादी को गिरफ्तार कर सोवमार को जेल भेज दिया. यह जानकारी लातेहार जिला पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में एसपी कुमार गौरव ने दी. उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि माओवादी संगठन के सक्रिय सदस्य मृत्युजंय भुइयां, चंद्रदेव सिंह व कई अन?य सदस्य मनिका थाना क्षेत्र के दुंदु-करमाही के पास अपराध को अंजाम देने की फिराक में हैं. सूचना के आलोक मेंबरवाडीह एसडीपीओ के नेतृत?व में टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई की गई. टीम ने दुंदु ग्राम के पास सुकरी नदी किनारे छापामारी कर माओवादी संगठन के सदस्य चंद्रदेव सिंह को गिरफ्तार कर लिया. वह मनिका के कुई गांव का रहने वाला है.

एसपी ने बताया कि चंद्रदेव सिंह के खिलाफ लातेहार थाने में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं. वह लाल वारंटी अभियुक?त है और वर्षों से फरार चल रहा था. वह लातेहार जिले में विभिन्न कंपनियों से लेवी वसूलता था. वह हत्या, फायरिंग व आगजनी करने में माहिर है. उस पर लातेहार थाना में कांड सख?या 77/2020, 109/2010 व छिपादोहर थाना कांड संख?या 27/2024 दर्ज है. लातेहार थाना कांड संख्या 77/2010 में उसकी गिरफ्तारी के लिए स?थायी वारंट जारी है. उसकी निशानदेही पर टीम ने दो फोल?ड बट सिलिंग लगी एके 47 राइल, चार एके 47 राइलफल का मैगजीन व 91 राउंड जिंदा गोली बरामद की गई है. छापामारी में थाना प्रभारी शशि कुमार, एसआई रणधीर कुमार सिंह, विनोद कुमार यादव, मनोज कुमार दुबे, आरक्षी उदित कुमार, मो. नइम अंसारी, वीरेंद्र कुमार पासवान, कन?हाई साव, हितेश कुमार महतो, सुशील कुमार चंपी, अभिजीत कुमार राज, ओमप्रकाश सिंह व कमलेश कुमार सिंह शामिल थे.

### साल 2024 में पलामू पुलिस की बेहतरीन उपलब्धियां, 29 नक्सली समेत 1397 अपराधियों को किया गिरफ्तार

**पलामू :** पलामू पुलिस के लिए साल 2024 उपलब्धियों से भरा रहा. पुलिस ने नक्सलियों, अपराधियों, शराब और गांजा तस्करों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की. हत्या और नशा तस्करी में शामिल 37 अपराधियों को पुलिस ने सजा दिलवायी. वहीं 1368 बड़े और छोटे अपराधियों को गिरफ्तार किया है.

पलामू पुलिस ने साल 2024 में नक्सलियों के खिलाफ भी कार्रवाई की है. पुलिस ने 10 लाख के इनामी माओवादी सीताराम रजवार समेत 29 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है. इनके पास से एके-47, सात देसी राइफल, छह देसी कट्टा, 1091 गोली, एक कार्बाइन समेत कई हथियार बरामद हुए हैं. वहीं छापेमारी कर 11.33 किलो अफीम और 64 किलो से भी अधिक गांजा भी जब्त किये हैं. 2024 में पुलिस ने 100 एकड़ से अधिक जमीन पर लगी पोस्ता की खेती को भी नष्ट किया है. इतना ही नहीं पलामू पुलिस ने दो-दो चुनाव भी शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया है.

### शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों में बौद्धिक क्षमता का विकास होता है: विकास

**पलामू :** डाल्टेनगंज रोड स्थित जीनियस स्टडी प्वाइंट के बच्चे शैक्षणिक भ्रमण के लिए बोधगया, राजगीर के लिए रवाना हुए. जिसे एसेंट पब्लिक स्कूल के संस्थापक विकास प्रजापति ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. उन्होंने बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विभिन्न तरह के सावधानियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया. यह भी कहा कि शैक्षणिक भ्रमण से बच्चे मानसिक रूप से सुदृढ़ होते हैं. विकास प्रजापति ने बताया कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों का मानसिक विकास होता है।

# खूबसूरत वादियों के बीच है जामताड़ा का लादना डैम, सैलानियों की उमड़ रही है भीड़

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जामताड़ाः** प्राकृतिक सुंदर वादियों से घिरा जामताड़ा का लादना डैम सैलानियों से इन दिनों गुलजार होने लगा है. पर्यटन स्थल और पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित जामताड़ा के लादना डैम सैलानी पहुंच कर नौका विहार और प्राकृतिक आनंद का लुत्फ उठा रहे हैं.

सैलानियों से गुलजार होने लगा है जामताड़ा का लादना डैम

जामताड़ा के लादना डैम में इन दिनों सैलानियों के आने का सिलसिला जारी है. काफी संख्या में सैलानी लादना डैम पहुंच रहे हैं. वो यहां मनोरंजन करते हैं, नौका विहार, पहाड़ और चारों ओर हरियाली, सैलानियों को यहां खूब भाता है. यही कारण है कि सैलानी यहां खिंचे चले आते हैं. यहां पहुंचने वाले सैलानी बताते हैं कि आने के बाद काफी सुकून और आनंद मिलता है.

चारों तरफ हरियाली और पहाड़ प्राकृतिक सुंदरता में चार चांद लगाते हैं



लादना डैम, जामताड़ा प्रखंड से करीब 10 किलोमीटर दूरी पर स्थित है. जो प्रकृति की हसीन वादियों के बीच जंगल, पहाड़ और हरियाली से घिरा हुआ है. यहां की हरियाली, पहाड़ और डैम और उसमें हिचकोले मारता पानी प्राकृतिक सुंदरता में चार-चांद लगा देता है. यू तो सालों भर यहां सैलानियों का आना-जाना लगा रहता है लेकिन विशेष कर पौष माह में सैलानियों की संख्या काफी बढ़ जाती है. जहां सगे संबंधी दोस्तों और परिवार के साथ यहां पर सैलानी पिकनिक मनाने आते हैं.

शौचालय गंदे हैं और पर्याप्त पेयजल सुविधा का भारी अभाव है

प्राकृतिक रूप से पर्यटन स्थल के रूप में विकसित जामताड़ा का लादना डैम सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र तो है लेकिन सैलानियों के लिए जो सुविधा होनी चाहिए इसका घोर अभाव है. यहां पर न पेयजल की पर्याप्त सुविधा है और न ही शौचालय की व्यवस्था. यहां पर सुरक्षा का भी कोई इंतजाम नहीं है, ना ही साफ सफाई की कोई व्यवस्था है.

कहने के लिए प्रशासन और सरकार द्वारा लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर बच्चों के मनोरंजन के चिल्ड्रेन पार्क और शौचालय की व्यवस्था तो की गई है, लेकिन नाम मात्र के लिए. यहां पहुंचने वाले लोग अपने साथ पानी लेकर आते हैं और शौचालय के लिए भटकना पड़ता है. खासकर महिलाओं को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है. प्रशासन और सरकार द्वारा लादना डैम को बेहतर पर्यटनस्थल के रूप में विकसित करने को लेकर कई बार प्रयास किये गये. सैलानियों का कहना है कि लाखों करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद यहां सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं.

## कन्या उच्च विद्यालय को माध्यमिक प्लस टू उत्क्रमित करने को लेकर सौंपा ज्ञापन



**साहिबगंज/बरहरवा :** प्रखंड के नागेश्वरी देवी कन्या उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ने पाकुड़ विधानसभा विधायिका को लिखित ज्ञापन सौंपते हुए बताया नागेश्वरी देवी मेमोरियल कन्या उच्च विद्यालय साहिबगंज जिला के अंतर्गत बरहरवा प्रखंड का प्राचीन और प्रसिद्ध एकमात्र बालिका उच्च विद्यालय है। पूर्व में बहुत दूर दराज से छात्राएं विद्यालय में अध्ययन हेतु आते थे। लेकिन वर्तमान में उच्चतर माध्यमिक प्लस टू स्तर तक की पढ़ाई अभी तक नहीं होने के कारण धीरे-धीरे छात्रों की संख्या में गिरावट आने लगी है। इसके अतिरिक्त विद्यालय में शिक्षा अनुसार विषय में नामांकन नहीं हो पता है। रेल गेट के बंद रहने के कारण छात्रों को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विद्यालय का विकास और छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय को उच्चतर माध्यमिक प्लस टू में उत्क्रमण करना बहुत ही आवश्यक है। साथ ही विद्यालय परिसर में स्थित खेल के मैदान सड़क की अपेक्षा नीचे हो जाने एवं उसमें एवं गड्ढे को जाने के कारण मैदान का संथाली कारण एवं संदेह कम करना बहुत जरूरी है। इस समस्या को लेकर नागाश्री देवी मेमोरियल कन्या उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने पाकुड़ विधानसभा नवनिर्वाचित विधायका निसात आलम को ज्ञापन सौंपते हुए समाधान करने हेतु अपील की है।वहीं श्री मति आलम ने उक्त मामले पर जल्द ही समाधान निकालने का आश्वाशन भी दिया है।

## सेवानिवृत्ति पर जब बीडीओ ने छुए झाड़ू दार के पैर

### बीडीओ ने कहा उम्र से लोग बड़े होते हैं पद से नहीं

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गोड्डा/ठाकुरगंगट :** प्रखंड कार्यालय में कार्यरत झाड़ू दार प्रदीप कुमार के सेवानिवृत्ति पर मंगलवार को सभागार में समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अभिनव कुमार सहित प्रखंड व अंचल कर्मियों ने उन्हें माला पहनाकर तथा अंग वस्त्र व उपहार से सम्मानित करते हुए ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य व दीघार्यु जीवन की मंगल कामना की। बीडीओ अभिनव कुमार ने कहा कि प्रदीप कुमार ने अपने कर्तव्य का निर्वहन पूरी ईमानदारी से किया। कभी किसी शिकायत का मौका नहीं दिया। वे अपनी ड्यूटी के प्रति हमेशा सजग रहे। हर परिस्थिति में सदैव उनका मुस्कुराता चेहरा लोगों की हौसला आफजाई करता था।अन्य कर्मियों के लिए उन्हें प्रेरणा स्रोत बताया। ज्ञात हो कि श्री प्रदीप की सेवा अवधि 42 वर्षों की रही। इतनी शानदार तथा बेदाग




छवि के कारण वह सबों के प्रिय थे।सेवा निवृत्त हो रहे झाड़ू दार प्रदीप कुमार ने इतना सम्मान देने के लिए सभी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी पूनम कुमारी, मनरेगा बीपीओ साहेब लाल हांसदा, अजीत कुमार सिंह, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी निरंजन झा, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अंबुज मुर्मू , विधायक प्रतिनिधि प्रवेज अख्तर, महिला पर्यवेक्षिका रितु कुमारी, बेबी हेंब्रम, जीवन बाजपेई, प्रवीर मिश्रा, पुरुषोत्तम कुमार, श्याम कुमार मंडल, प्रेम शंकर झा, दीपा कुमारी, युधिष्ठिर पासवान, ड्राइवर मुकेश कुमार, योगेश कुमार, टिंकू यादव, मोहम्मद रागीव सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

विदाई समारोह के दौरान बीडीओ सह सीओ अभिनव कुमार ने झाड़ू दार प्रदीप कुमार का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इतना सम्मान पाकर प्रदीप कुमार अभीभूत हो गए तथा उनकी आंखें छलक पड़ी। इस दृश्य को देख सभी की आंखें नम हो गईं। इतना ही नहीं बीडीओ अभिनव कुमार ने एक कदम और आगे बढ़कर झाड़ू दार प्रदीप कुमार को अपने सरकारी वाहन में बिठाकर स्वयं सारथी बनकर उनके सरकारी आवास तक पहुंचाया।

## पर्यटकों को लुभाते हैं गढ़वा के अन्नराज डैम और सुखलदरी जलप्रपात की हसीन वादियां

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गढ़वाः** एक तरफ गढ़वा का अन्नराज डैम और दूसरी तरफ सुखलदरी जलप्रपात नव वर्ष पर पर्यटकों के लिए सबसे खूबसूरत जगह होती है. यहां छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार सहित झारखंड के अलग-अलग जिले से लोग पहुंचते हैं. एक तरफ लोग अन्नराज डैम में बोटिंग का आनंद लेते हैं, तो वहीं दूसरी तरफ सुखलदरी जलप्रपात की गिरती उस धारा की आवाज को लोग अपने अंदर समाहित करते हैं.

पर्यटकों को आनंदित कर देता है दोनों स्थल



पर्यटक एक तरफ पहाड़ों के बीच अन्नराज में दूर-दूर तक फैले कल-कल निर्मल पानी के नजारे के साथ उसमें बोटिंग करते हैं तो वहीं जंगलों के हसीन वादियों में अवस्थित सुखलदरी जलप्रपात का आनंद लेते दिखते हैं. सुखलदरी में लोगों का सालों भर आना जाना तो लगा ही रहता है, लेकिन यह जगह नए साल और मकर संक्रांति के दिन खास बन जाता है. इस दिन काफी संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं. वहीं बात करें अन्नराज डैम की तो यह गढ़वा मुख्यालय से दस किलो मीटर की दूरी पर स्थित है. जिसको विकसित कर दिया गया है, जिसके चलते यहां हर रोज सैलानी आते रहते हैं.

एसपी दीपक पांडेय ने कहा कि गढ़वा एक रमणीक जगह है. यहां कई पिकनिक स्पॉट हैं. नववर्ष को देखते हुए एसपी ने लोगों से अपील की है कि लोग खतरनाक जगहों पर जाने से बचें. उन्होंने सुरक्षा को लेकर कहा कि हर थाना प्रभारी को अलर्ट कर दिया गया है, साथ ही महिला सुरक्षा कर्मियों की भी व्यवस्था की गई है. एसपी ने कहा कि सभी पिकनिक स्पॉट पर जरूरत के हिसाब से सुरक्षा व्यवस्था की गई है.

## अलग अलग थाना क्षेत्र में चोरी मामले मे सभी आरोपी गिरफ्तार

मेट्रो रेज संवाददाता

साहिबगंजः21 दिसंबर की रात मिजाचौकी थाना क्षेत्र के मिजाचौकी बाजार में एक ज्वेलर्स की दुकान में शटर व तिजोरी काट कर चोरी मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। सदर अनुमंडलीय कार्यालय में एसडीपीओ किशोर तिर्की ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि मामले में मिजाचौकी थाना कांड संख्या 95/24 दर्ज कर पुलिस छानबीन कर रही थी। इस बीच जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के समलापुर स्थित बैंक मैनेजर के घर में चोरी होने के मामले में थाना कांड संख्या 210/24 दर्ज कर पुलिस अनुसंधान कर रही थी। एसपी अमित कुमार सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कांडों के उद्वेदन के लिए पुलिस टीम का गठन किया। इसके बाद पुलिस ने तकनीकी वापेश्वर अनुसंधान करते हुए मिजाचौकी थाना कांड संख्या 95/24 में कुलीपाड़ा निवासी नासिर अंसारी 24 अंजुमन नगर निवासी मो



राजा 22 हबीबपुर, पाइप रोड निवासी अखिलेश कुमार भगत 30 को गिरफ्तार कर लिया गया। वही उनसे चोरी की गए सामानों की बरामद की भी की गई है। पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार आरोपी अखिलेश कुमार भगत ने जीरवाबाडी थाना कांड संख्या 210/ 24 में अपनी संलिप्त स्वीकार की। वहीं पुलिस ने इस मामले में सोनू कुमार सिंह व तारीख हुसैन उर्फ लालू को गिरफ्तार किया है।वहीं इनकी निशान देही पर चोरी का सामान बरामद किया गया है। पुलिस ने मिजाचौकी से चोरी गए जेवरात को कुलीपाड़ा स्थित प्रवेश कुमार गुप्ता 30 के ज्वेलर्स दुकान से बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी अखिलेश कुमार भगत, तारिक हुसैन उर्फ लालू व नजीर अंसारी के विरुद्ध चोरी के कई कांड दर्ज हैं। वही सोनू कुमार के विरुद्ध लूट, आर्म्स एक्ट, गोलीबारी व वह मोटरसाइकिल चोरी के कई कांड दर्ज हैं।

## जगहों में घूम घूम कर लगभग दो दर्जन से अधिक गरीब लोगों के बीच कम्बल का वितरण



साहिबगंजःजिलें में पड़ रही कडकड़ाती ठंड में लोग अपने परिवार के साथ घरों में बैठे हैं।वही इस कड़ाके की ठंड में गरीब बेबस बेसहारा लोगों के लिए युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एखलाक नदीम अपने टीम के साथ साहिबगंज रेलवे स्टेशन के आस पास सहित अन्य जगहों में घूम घूम कर लगभग दो दर्जन से अधिक गरीब लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। इस मौके पर युवा अध्यक्ष एखलाक नदीम ने बताया कि पिछले कई वर्षों से अधिक ठंड पड़ने पर वे और उनके कार्यकर्ता गरीब असहाय लोगो को कम्बल बाटने का कार्य करते आ रहे है।इस वर्ष भी कांग्रेस के द्वारा कम्बल बांटने का काम किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि अगर कहीं भी किसी गरीब को कम्बल की आवश्यकता पड़ी तो वे और उनके कार्यकर्ता गरीबों के बीच कम्बल बांटने का काम करेंगे ताकि इस ठंढ में लोगों को कुछ राहत मिल सके।मौके पर पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## गोड्डा में दो अपराधी गिरफ्तार, घटना को अंजाम देने के इरादे से बिहार से पहुंचे थे झारखंड

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गोड्डा :** जिला पुलिस को क्राइम चेकिंग अभियान के दौरान दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है. दोनों के पास से लोडेड पिस्टल और चाकू बरामद किए गए हैं. आरोपियों की पहचान गया के टनकुप्पा थाना के भदान निवासी गौरव कुमार (18) और विशाल सिंह (18) के रूप में हुई है. पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार दोनों आरोपी बिहार के गया जिले के रहने वाले हैं. दोनों को चेकिंग के दौरान संदेह हुआ तो भागने लगे, जिसके बाद खदेड़ कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया. एसडीपीओ




अशोक प्रियदर्शी ने गिरफ्तारी की पुष्टी की है.

जानकारी के मुताबिक एसपी अनिमेष नैथानी के निर्देश पर जांच अभियान चलाया जा रहा था. इसी दौरान दो संदिग्ध युवक द्वारा किसी घटना को अंजाम देने के इरादा से पहुंचने की सूचना मिली. इस सूचना पर पुलिस सक्रिय हो गई. यह देख एक बाइक पर सवार दो युवक भागने लगा, जिसे स्थानीय लोगों के सहयोग से खदेड़ कर पकड़ लिया गया. इनके पास से एक लोडेड पिस्टल, एक मैगजीन और चाकू मिले हैं. एक अपाचे बाइक भी जब्त किया गया है, इस मामले में एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि दोनों की गिरफ्तारी में एसआई संजय सिंह नगर थाना और एएसआई गौरव कुमार के गस्ती दल ने बड़ी भूमिका निभाई है. ये लोग किसी घटना को अंजाम देने के इरादे से यहां आए थे. पुलिस दोनों का आपराधिक इतिहास खंगाल रही है.

# फिल्म 'देवा' का पहला पोस्टर हुआ रिलीज



भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता शाहिद कपूर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'देवा' को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म का निर्देशन रोशन एंड्रयूज ने किया है, और इसकी पहली झलक का प्रशंसकों को बेसब्री से इंतजार है। अब खबर है कि इस

**अमिताभ बच्चन से होगा खास कनेक्शन**

एक रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म 'देवा' का पहला पोस्टर नए साल के पहले दिन उनके प्रशंसकों के लिए एक खास तोहफा होगा।उसमें फिल्म में शाहिद कपूर का धांसू और दमदार अवतार देखने को मिलेगा। खबरें हैं कि इस फिल्म का खास कनेक्शन दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन से है, जिसे लेकर उत्सुकता और भी बढ़ गई है। हालांकि, इस संबंध में अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

**शाहिद-पूजा की जोड़ी में दिखेगा नया अंदाज**

फिल्म में शाहिद कपूर के साथ साउथ की जानी-मानी अभिनेत्री पूजा हेगड़े मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। यह पहला मौका होगा जब शाहिद और पूजा की जोड़ी बड़े पर्दे पर साथ दिखाई देगी। इसके अलावा, अभिनेता पावेल गुलाटी भी फिल्म में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

**फिल्म 31 जनवरी को होगी रिलीज**

'देवा' का निर्माण जाने-माने निमार्ता सिद्धार्थ रॉय कपूर ने किया है। यह फिल्म 31 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। शाहिद कपूर को पिछली बार फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' में देखा गया था, जिसमें वह कृति सैनन के साथ नजर आए थे। इस फिल्म में उनके अभिनय को दर्शकों और समीक्षकों से खूब सराहना मिली थी।

## वेब सीरीज गुनाह-2 की स्ट्रीमिंग 3 जनवरी से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर होगी

सुरभि ज्योति और गश्मीर महाजनी की बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज 'गुनाह' के दूसरे सीजन का इंतजार अब खत्म होने वाला है। इस सीरीज का दूसरा सीजन 3 जनवरी, 2025 से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम किया जाएगा। बेव सीरीज 'गुनाह-2' के निमार्ताओं ने हाल ही में इसका नया टीजर रिलीज किया है, जिसे प्रशंसकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। टीजर में प्यार और बदले की कहानी दिखी है। यह कहानी प्यार से शुरू होती है, लेकिन इसका अंजाम बदले की आग में लिखा जाता है। कहानी में रोमांच, इमोशन और ट्विस्ट से भरपूर सफर दिखाया जाएगा। निमार्ताओं ने टीजर साझा करते हुए लिखा, ₹प्यार ने शुरू की थी कहानी, लेकिन बदले ने लिखा इसका अंजाम।₹ पहले सीजन को मिला था शानदार रिस्पॉन्स 'गुनाह' का पहला सीजन 3 जून, 2024 को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हुआ था, जिसमें कुल 25 एपिसोड थे। दर्शकों ने इसे खूब सराहा और इसकी कहानी, किरदारों और ट्विस्ट को पसंद किया। पहले सीजन में भी सुरभि ज्योति, गश्मीर महाजनी और जैन इबाद खान मुख्य भूमिकाओं में थे। क्या है खास इस बार? दूसरा सीजन पहले सीजन से भी ज्यादा इंटेंस और रोमांचक होने की उम्मीद है। सीरीज में थ्रिल, ड्रामा और इमोशनल ट्विस्ट को और गहराई दी गई है। निमार्ताओं का कहना है कि यह सीजन दर्शकों को उनकी सीट से बांधे रखने का वादा करता है। मुख्य कलाकार सुरभि ज्योति, गश्मीर महाजनी और जैन इबाद खान हैं।

# कंगना रनौत ने कहा- 'बिग बॉस 18 के कंटेस्टेंट्स ने बड़े नाटक किए



कंगना रनौत अपनी आगामी फिल्म इमरजेंसी का प्रोमोशन कर रही हैं और हाल ही में सलमान खान के रियलिटी शो बिग बॉस 18 में दिखाई दीं। शो में, उन्होंने एक टास्क में भाग लिया और प्रतियोगियों के बारे में अपने विचार शेयर किए, उन पर अनावश्यक ड्रामा बनाने का आरोप लगाया।

**कंगना ने बिग बॉस 18 के कंटेस्टेंट्स पर लगाएं आरोप**

बिग बॉस के घर से बाहर निकलने के बाद, कंगना ने पपराजी से बातचीत की, जिन्होंने घर में उनके अनुभव के बारे में पूछा। फोटोग्राफरों ने पूछा, ₹इमरजेंसी टास्क हुआ कि नहीं?₹ उनके सवालों का जवाब देते हुए, उन्होंने कहा, ₹बड़े नाटक किए इन लोगों ने। बड़े उत्पात मचाए।₹ एक मजाकिया नोट जोड़ते हुए, उन्होंने चुटकी ली, ₹मैंने अंदर जाकर तानाशाही दिखाई है। बिग बॉस के घर में अपने टास्क के दौरान, कंगना रनौत ने एक सुनहरे चेकर्ड को-ऑर्ड सेट में एक स्टाइल स्टेटमेंट बनाया। एक स्लीक पोनीटेल और कैट-आई सनग्लास के साथ अपने लुक को पूरा किया, जिससे एक्ट्रेस का पहनावे में एक ठाठ दिख रहा था।

**इस तारीख को रिलीज हो रही कंगना की इमरजेंसी**

कंगना की इमरजेंसी कई देरी का सामना करने के बाद आखिरकार 17 जनवरी को सिनेमाघरों में आने वाली है। मूल रूप से नवंबर 2023 में रिलीज होने की योजना थी, लेकिन फिल्म की रिलीज को जून 2024, फिर 6 सितंबर, 2024 तक टाल दिया गया और उइऋ सर्टिफिकेशन लंबित होने के कारण इसे और आगे बढ़ा दिया गया। 17 अक्टूबर को, कंगना ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पुष्टि की कि सेंसर बोर्ड ने फिल्म को हरी झंडी दे दी है। फिल्म को सिख समुदाय से कड़ी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा था, जिन्होंने इसकी सामग्री के बारे में चिंता जताई थी।

**फिल्म के बारे में**

इंदिरा गांधी की जीवनी पर आधारित फिल्म इमरजेंसी में कंगना रनौत ने बतौर लेखक, निर्देशक और सह-निमार्ता काम किया है। यह फिल्म 1975 से 1977 तक के 21 महीने के दौर को दिखाती है, जब प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल की घोषणा की थी, जो भारत के इतिहास का एक दर्दनाक अध्याय था।

# अभिनेता यश ने फैंस से की खास अपील



केजीएफ स्टार यश 8 जनवरी, 2025 को अपना 39वां जन्मदिन मनाएंगे। यह दिन उनके प्रशंसकों के लिए किसी बड़े त्योहार जैसा होता है। हर साल उनके फैंस इस दिन को दिवाली की तरह मनाते हैं, लेकिन इस बार यश ने अपने जन्मदिन से 10 दिन पहले ही सोशल मीडिया पर एक भावुक अपील की है। यश ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक लंबा नोट पोस्ट करते हुए लिखा, ₹नए साल की शुरूआत के साथ, यह सोचने, वादा करने और एक नया रास्ता तय करने का समय है। आपने मुझ पर जो प्यार बरसाया है, वह अनोखा है। हालांकि, कुछ दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं भी हुई हैं। अब समय आ गया है कि हम अपने प्यार की भाषा बदलें, खास तौर पर जब बात मेरे जन्मदिन के जश्न की हो। प्यार दिखाने का मतलब बड़े पैमाने पर जश्न मनाना और भीड़ के जमा होने से नहीं होना चाहिए।

**आपकी सुरक्षा है सबसे बड़ा तोहफा**

यश ने अपने फैंस से यह भी कहा कि उनके लिए सबसे बड़ा तोहफा यही होगा कि उनके प्रशंसक सुरक्षित रहें, अपने लक्ष्य को हासिल करें और खुशियां फैलाएं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि वे अपने जन्मदिन पर अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग में व्यस्त रहेंगे।

**फैंस की सुरक्षा प्राथमिकता**

यश की इस अपील के पीछे 2024 की एक दर्दनाक घटना है। उनके पिछले जन्मदिन पर 25 फुट ऊंचे कटआउट का अनावरण करते समय हुए हादसे में तीन प्रशंसकों की मौत हो गई थी। इस बार यश किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सादगी से जश्न मनाने का आग्रह कर रहे हैं।

**यश की आगामी फिल्म**

फैंस यश की अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अभी तक इसकी आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है। बताया जा रहा है कि यह फिल्म उनकी पहले की फिल्मों की तरह ही एक महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट होगी।

# आईपीएल में अनसोल्ड रहने के बाद डेविड वार्नर ने पीएसएल सीजन 10 ड्राफ्ट के लिए कराया पंजीकरण



**नई दिल्ली :** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) सीजन 10 के ड्राफ्ट के लिए हस्ताक्षर करने वाले नवीनतम खिलाड़ी बन गए हैं। पीएसएल ने वार्नर के ड्राफ्ट के लिए पंजीकरण की पुष्टि करते हुए एक्स लिखा, 2024 का शानदार अंत। ऑस्ट्रेलियाई पावरहाउस डेविड वार्नर ने पीएसएल ड्राफ्ट के लिए ंजीकरण कराया है! आागामी पीएसएल सीजन 10 के लिए नीलामी का आयोजन 11 जनवरी को बलूचिस्तान के ग्वादर शहर में होगा। यह सीजन 8 अप्रैल से शुरू होगा और 19 मई को समाप्त होगा। मंगलवार को वार्नर की घोषणा से पहले, न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज टिम साउथी ने भी पीएसएल सीजन 10 के ड्राफ्ट के लिए साइन अप किया था। पीएसएल ड्राफ्ट में प्रवेश करने से पहले, वार्नर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की मेगा नीलामी में शामिल हुए, लेकिन उन्हें अपने लिए कोई खरीदार नहीं मिला। वार्नर को ऑस्ट्रेलिया का सबसे बेहतरीन ऑल-फॉर्मेट ओपनर माना जाता है, उन्होंने टी20 विश्व कप से ऑस्ट्रेलियाई टीम के सुपर आठ से बाहर होने के बाद खेल के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने सात मैचों में दो अर्द्धशतकों सहित 178 रनों के साथ अभियान का अंत किया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 112 टेस्ट मैचों की 205 पारियों में 26 शतक और 37 अर्द्धशतक के साथ 44.59 की औसत से 8,786 रन बनाए। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 335* है। वह टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के लिए पांचवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। 161 एकदिवसीय मैच खेलते हुए वार्नर ने 45.30 की औसत और 97 से ऊपर के स्ट्राइक रेट से 6,932 रन बनाए उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 179 है। वह ऑस्ट्रेलिया के लिए वनडे में छठे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

## इंग्लैंड के दिग्गज वेन रूनी को दूसरे दर्जे, के क्लब प्लायमाउथ ने कोच पद से हटाया

**लंदन :** इंग्लैंड के पूर्व दिग्गज फुटबॉलर वेन रूनी का कोचिंग करियर मंगलवार को प्लायमाउथ आगीर्ले द्वारा बर्खास्त किए जाने के बाद बर्बाद होता दिख रहा है। रूनी ने गर्मियों में तीन साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके केवल सात महीने बाद ही वे क्लब छोड़ रहे हैं। इस क्लब के 23 मैचों में से केवल 18 अंक हासिल करने के साथ ही प्लायमाउथ इस डिवीजन में सबसे निचले पायदान पर है। पिछले नौ मैचों में से छह में उसे हार का सामना करना पड़ा है और डिवीजन में उसका डिफेंसिव रिकॉर्ड सबसे खराब है। उसने 51 गोल खाए हैं और केवल 22 गोल किए हैं। प्लायमाउथ ने सोशल मीडिया पर रूनी के जाने की घोषणा करते हुए कहा कि क्लब और कोच ने तुरंत प्रभाव से अलग होने पर आपसी सहमति जताई है। रूनी ने उन्हें प्रबंधन का मौका देने के लिए प्लायमाउथ को धन्यवाद दिया और कहा कि क्लब के लिए उनके दिल में हमेशा एक विशेष स्थान रहेगा। 39 वर्षीय रूनी के लिए उनके छोटे से कोचिंग करियर में यह बर्खास्तगी निराशाओं की एक श्रृंखला में नवीनतम है, जिससे किसी और के लिए उन्हें नौकरी देने का जोखिम उठाना मुश्किल हो जाएगा।

## वेस्ट हैम यूनाइटेड के स्ट्राइकर माइकल एंटोनियो को अस्पताल से मिली छुट्टी



**लंदन :** वेस्ट हैम यूनाइटेड के स्ट्राइकर माइकल एंटोनियो को एक गंभीर कार दुर्घटना के बाद अस्पताल में तीन सप्ताह बिताने के बाद मंगलवार से छुट्टी दे दी गई है। 7 दिसंबर को एपिंग, एसेक्स में हुई दुर्घटना के बाद एंटोनियो के निचले अंग में फ्रैक्चर की सर्जरी की गई थी और उन्हें सेंट्रल लंदन के एक अस्पताल में ले जाया गया था। नेशनल हेल्थ सर्विसेज और एयर एम्बुलेंस यूके की त्वरित प्रतिक्रिया के बाद, कार में फंसे एंटोनियो को वाहन से बाहर निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया। ईस्ट लंदन स्थित इस क्लब ने एनएचएस और एयर एम्बुलेंस को उनकी सेवाओं के लिए धन्यवाद देने के लिए चैरिटी के माध्यम से 60,000 पाउंड तक जुटाए हैं। क्लब की ओर से मंगलवार को जारी बयान में कहा गया, वेस्ट हैम यूनाइटेड ने हाल ही में प्रीमियर लीग में वॉल्वरहैम्प्टन वांडरर्स के खिलाफ खेले गए मैच में पहने गए कपड़ों की नीलामी के बाद एनएचएस और एयर एम्बुलेंस यूके चैरिटी को लगभग 60,000 पाउंड का दान दिया है। मिशेल एंटोनियो की सड़क दुर्घटना के बाद हुई नीलामी से प्राप्त राशि एनएचएस और एयर एम्बुलेंस यूके चैरिटी के बीच बराबर-बराबर बांटी। जाएगी, जो यूके की एयर एम्बुलेंस चैरिटी के जीवन रक्षक कार्यों का समर्थन करने वाली राष्ट्रीय चैरिटी है। एंटोनियो प्रीमियर लीग में वेस्ट हैम के सर्वकालिक शीर्ष स्कोरर हैं, जिन्होंने 268 लीग मैचों में 68 गोल किए हैं। वेस्ट हैम के कप्तान जेरेड बोवेन ने कहा, हम सभी एनएचएस और एयर एम्बुलेंस यूके दोनों द्वारा मिशेल को उनके और उनके परिवार के लिए चुनौतीपूर्ण समय के दौरान दी गई देखभाल के लिए आभारी हैं, और वे देश भर के लोगों के लिए हर दिन जो करते रहते हैं, उसके लिए भी आभारी हैं। कठिन समय के दौरान एक साथ रहना ही वेस्ट हैम यूनाइटेड का हिस्सा होना है और टीम की ओर से, मैं दो महान कारणों के लिए अविश्वसनीय राशि जुटाने में हमारी मदद करने के लिए सभी को धन्यवाद देना चाहता हूँ। वेस्ट हैम यूनाइटेड की मुश्किलें और बढ़ गई हैं, एंटोनियो के बाहर होने के बाद, क्लब ने इस खबर के साथ अपने सीजन को एक बड़ा झटका दिया है कि कप्तान जेरोड बोवेन के पैर में फ्रैक्चर हो गया है। यह चोट रविवार को लंदन स्टेडियम में लिवरपूल के खिलाफ हैमर्स की 0-5 की हार के दौरान लगी थी। वर्तमान में प्रीमियर लीग में 13वें स्थान पर बैठे वेस्ट हैम को अब अपने प्रमुख खिलाड़ियों के बिना जनवरी के चुनौतीपूर्ण मुकाबलों में भाग लेना होगा।

# मालदीव के खिलाफ दूसरे मैच में और अधिक नए खिलाड़ियों को मौका देंगे भारतीय कोच अलेक्जेंडरसन

एजेंसी



**बेंगलुरु :** जोकिम एलेक्जेंडरसन ने भारत में अपने कोचिंग करियर की शानदार शुरूआत की, उनकी कोचिंग में भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने बेंगलुरु में फीफा महिला मैत्री मैचों में से पहले मैच में मालदीव को 14-0 से हराया। खास बात यह रही कि आठ खिलाड़ियों ने सीनियर इंडिया में पदार्पण किया, और स्वीडिश खिलाड़ी ने भरोसा दिलाया कि 2 जनवरी को होने वाले दूसरे मैच में और भी खिलाड़ी शामिल होंगे। गुणवत्ता में अंतर पहली सीटी से ही स्पष्ट था। जबकि एलेक्जेंडरसन खुश थे कि अधिकांश चीजें योजना के अनुसार काम करती हैं, अब वह यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि गुरुवार को उनकी बेंच क्या पेश करती है। अखिल भारतीय फुटबॉल संघ (एआईएफएफ) के हवाले से उन्होंने कहा,₹मुझे लगता है कि हमने खेल का अच्छा उपयोग किया। हम उनके लिए बहुत बड़े थे। हमने अपने पास मौजूद लाभ का उपयोग किया और गेंद को आगे बढ़ाने, पीछे की जगह का उपयोग करने, वाइड जाने और सेंट्रल लाइन का उपयोग करने के संबंध में सुधार किया। तो हाँ, मुझे लगता है कि कुल मिलाकर यह हमारा अच्छा प्रदर्शन था। उन्होंने कहा, ₹हम अगले गेम में शुरू से ही अधिक अनुभवहीन लड़कियों को शामिल करने के अवसर का उपयोग करने जा रहे हैं। हम कुछ रोटेशन करने जा रहे हैं। आइए देखें कि वे अगले गेम में क्या पेश कर सकते हैं। पदार्पण करने वालों में लिंडा कोम सेर्टो सबसे प्रभावशाली साबित हुईं, उन्होंने चार गोल किए। जो लोग स्ट्राइकर को उसके शुरूआती वर्षों से फॉलो करते आए हैं, वे इसे उसका सामान्य प्रदर्शन ही कहेंगे, भले ही यह उसका सीनियर डेब्यू था। लिंडा ने पहली बार तब सुर्खियाँ बटोरीं, जब उन्होंने 2017 में 12 साल की उम्र में सैफ अंडर-15 चैंपियनशिप में दो गोल किए। वह 2022 में सैफ अंडर-18 चैंपियनशिप में मोस्ट वैल्यूबल प्लेयर और शीर्ष स्कोरर थीं,और उसी साल बाद में फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप में भारत की नंबर नौ खिलाड़ी थीं। लिंडा ने साथी सीनियर स्ट्राइकर और ओडिशा एफसी टीम की साथी प्यारी जाक्सा के साथ अच्छी साझेदारी की, जिसमें दोनों ने टीम के आधे गोल किए। एलेक्जेंडरसन ने कहा, मुझे लगता है कि लिंडा ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। वह सामरिक रूप से भी अच्छी थी, हमने खेल से पहले उसके बारे में बात की थी। 19 वर्षीय लिंडा ने कहा, ₹मैं चार गोल करके बहुत खुश हूं। यह सीनियर टीम में मेरा

पहला मैच था। मैं इन गोलों को अपने परिवार, कोच और साथियों को समर्पित करना चाहती हूं। मैं आने वाले मैचों में और गोल करना चाहतीहूं। ये दोस्ताना मैच हमारे लिए उपयोगी हैं क्योंकि ये हमें एक टीम के रूप में बेहतर बनने में मदद करते हैं। जुलाई में एआईएफएफ की होनहार महिला खिलाड़ी का खिताब जीतने वाली नेहा ने भी भारत के लिए अपने पदार्पण मैच में दो गोल किए। स्थानापन्न काजोल डिसूजा ने भी ऐसा ही किया। रिम्पा हलधर ने अपने ड्रिबलिंग कौशल से तीसरे आक्रमण को आग में झोंक दिया और शानदार बिल्ड-अप खेल के बाद देश के लिए अपना पहला गोल किया। यह अनुमान लगाते हुए कि मालदीव अपनी गलतियों से सीखेगा और दूसरे मैत्रीपूर्ण मैच में अधिक सुसंगत होने का प्रयास करेगा, लेक्जेंडरसन

गेंद के साथ तेज और चालाक खेल देखना चाहता है। तथ्य यह है कि उन्होंने 66वें मिनट के बाद कोई गोल नहीं खाया, यह इस बात का सबूत है कि वे एक अच्छी रक्षात्मक इकाई हो सकते हैं। एलेक्जेंडरसन ने कहा, ₹मैं चाहता हूं कि हम चीजों को और भी तेज करें। मुझे लगता है कि हमारे प्रतिद्वंद्वी अगले गेम में बेहतर होने जा रहे हैं, इसलिए हमें गेंद के साथ निर्णय लेने में और भी तेज होना होगा।

# ग्रीन जीडीपी के लिए पारिस्थितिकी तंत्र का मूल्यांकन शुरू करने वाला छत्तीसगढ़ बना देश का पहला राज्य

एजेंसी

**रायपुर :** वन पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं को ग्रीन जीडीपी के साथ जोड़ने की पहल शुरू करने वाला छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य बन गया है। इस पहल के द्वारा पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं के व्यापक मूल्य को मापकर छत्तीसगढ़ के सतत विकास में रेखांकित किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार की देर शाम एक बयान जारी कर कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 विजन और सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप विजन डॉक्यूमेंट तैयार कर रही है, जिसमें वन विभाग द्वारा संचालित पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं के मूल्यांकन की अवधारणा सम्मिलित की गई है। यह समग्र दृष्टिकोण राज्य में पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक प्रगति के बीच संतुलन बनाए रखने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए सतत और समृद्ध भविष्य सुनिश्चित हो सके। वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं का मूल्यांकन न केवल बजटीय योजना को अधिक सुव्यवस्थित बनाएगा, बल्कि भविष्य की रणनीतियों को दिशा प्रदान करेगा, धन आवंटन को अधिक प्रभावी बनाएगा और वानिकी विकास के प्रयासों को सशक्त करेगा। यह प्रक्रिया सतत विकास और संसाधनों के बेहतर प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य मे संयुक्त वन प्रबंधन कार्यक्रम ने



स्थानीय समुदायों को और अधिक सशक्त बनाया है। गुरु घासीदास, कांगेर घाटी और इंद्रावती जैसे राष्ट्रीय उद्यानों के साथ, छत्तीसगढ़ में प्रकृति आधारित पर्यटन के लिए असीम संभावनाएं हैं। स्थानीय निवासियों को जंगल सफारी, नेचर ट्रेल्स और इको-कैंपिंग जैसी सुविधाओं के प्रबंधन में सक्रिय रूप से शामिल किया जा रहा है, जिससे न केवल सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिला है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को भी सशक्त किया गया है। छत्तीसगढ़ का 44 प्रतिशत भू-भाग वन क्षेत्र से आच्छादित है। यह राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए एक मजबूत आधार हैं और लाखों लोगों की आजीविका में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये वन विभिन्न प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लाभ प्रदान करते हैं। वनों से प्राप्त होने वाले अन्य महत्वपूर्ण अमूर्त लाभ अक्सर उपेक्षित रहते हैं और उनका उचित मूल्यांकन नहीं हो पाता। इनमें जलवायु संतुलन बनाए रखने के लिए कार्बन अवशोषण, कृषि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण परागण, पोषक तत्वों का चक्रण, मृदा उर्वरता में सुधार और जैव विविधता संरक्षण जैसी सेवाएं शामिल हैं। वनों का बाढ़ और रोग नियंत्रण, जल प्रवाह का प्रबंधन और वेक्टर जनित रोगों के जोखिम को कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके अतिरिक्त, वनों से जल पुनर्भरण और शुद्धिकरण होता है, शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान कर वायु गुणवत्ता में सुधार होता है, और सुंदर प्राकृतिक दृश्य तथा जैव विविधता-समृद्ध क्षेत्रों के माध्यम से मनोरंजन के साथ-साथ भावनात्मक संतुष्टि भी प्रदान होती है। इन वनों का गहरा आध्यात्मिक और धार्मिक महत्व भी है, क्योंकि पवित्र स्थलों और देवगुड़ी जैसे क्षेत्रों के माध्यम से ये आदिवासी विरासत और परंपराओं को संरक्षित रखते हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के वन अनेक नदियों का उद्गम स्थल हैं, जो सतत जल प्रवाह, जलग्रहण क्षेत्र संरक्षण और कृषि तथा आजीविका के लिए आवश्यक जैविक पदार्थ से मृदा को समृद्ध करने में सहायक हैं। इन प्रत्यक्ष लाभों का राज्य की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पर व्यापक आर्थिक प्रभाव पड़ता है। ये सभी लाभ ग्रामीण उद्योगों और आजीविका को प्रोत्साहित करते हैं और राज्य के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान करते हैं।

## रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने देशवासियों से कहा- हमें अभी बहुत कुछ तय करना है

एजेंसी

**मॉस्को :** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने नए वर्ष की पूर्व संध्या पर मंगलवार को टेलीविजन पर देशवासियों को संबोधित किया। क्रेमलिन प्रमुख ने कहा, हां, हमें अभी भी बहुत कुछ तय करना है लेकिन जो पहले किया जा चुका है उस पर हमें गर्व हो सकता है। उन्होंने कहा कि 25 वर्षों ने आगे के विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। द मॉस्को टाइम्स के अनुसार, पुतिन ने अपने भाषण में देश की उपलब्धियों की प्रशंसा की। अपने पूर्ववर्ती बोरिस येल्तसिन से सत्ता संभालने के ठीक 25 साल बाद दिए गए संबोधन में पुतिन ने यूक्रेन युद्ध का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया। उनका भाषण मुख्य रूप से शुभकामनाओं पर केंद्रित रहा। पुतिन ने कहा, प्रिय दोस्तों, बस कुछ ही मिनटों में 2025 की शुरूआत होगी, जो



21वीं सदी की पहली तिमाही को पूरा करेगा।₹ उन्होंने रूसी सैनिकों की भी प्रशंसा की। पुतिन ने कहा, नए साल की दहलीज पर हम भविष्य के बारे में सोच रहे हैं। हमें यकीन है कि सब कुछ ठीक हो जाएगा। हम केवल आगे बढ़ेंगे। उल्लेखनीय है कि 1999 में नए साल की पूर्व संध्या पर बोरिस येल्तसिन ने अप्रत्याशित रूप से इस्तीफा दे दिया था और अपने भाषण में देश में उथल-पुथल के लिए माफी मांगी थी। तब पुतिन को कार्यवाहक राष्ट्रपति नामित किया गया था। टेलीविजन पर नए साल की पूर्व संध्या पर दिया जाने वाला भाषण सोवियत नेता लियोनिद ब्रेझनेव द्वारा शुरू की गई परंपरा का अनुसरण है। यह रूस के 11 समय क्षेत्रों में से प्रत्येक में आधी रात से ठीक पहले राज्य टीवी पर प्रसारित किया जाता है।

## तेज रफ़्तार कार बिजली के खंभे से टकराई, एक युवक की मौत, दो गंभीर

**कोरबा :** कोरबा जिले में 31 दिसंबर की देर रात नशा और तेज रफ्तार के कारण तीन युवक सड़क हादसे का शिकार हो गए। हादसे में कुसमुंडा निवासी एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नए साल 2025 के आगमन की खुशी में पार्टी मना रहे 2 से 3 युवक मारुति बलेनो कार क्रमांक उत्र 12 अळ 0375 में सवार होकर तेज रफ्तार से चला रहे थे। वे मानिकपुर पुलिस चौकी अंतर्गत मुड़ापार–सुभाष ब्लाक कालोनी मार्ग से गुजरते वक्त मोड़ के पास सड़क किनारे स्थित बिजली के खंभे से जा टकराए। कार की रफ्तार का अंदाजा घटनास्थल के दृश्य से लगाया जा सकता है जहां कार की ठोकर से आसपास के दुकानों के छप्पर उड़ गए और खम्भा भी टूट गया जिससे कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर पलट गई। कार में सवार कुसमुंडा निवासी अनुभव मसीह रोजर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक आदर्श नगर कुसमुंडा निवासी एसईसीएल कर्मी बताया जा रहा है। कार में सवार दो अन्य लोग भी गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया।

## विमान ईंधन 1,401.37 रुपये तक हुआ सस्ता, नई दरें लागू

एजेंसी

**नई दिल्ली :** नए साल 2025 की शुरूआत कई सारे बदलाव के साथ हो गई है। विमानन क्षेत्र को राहत देने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) के दाम में 1,401.37 रुपये प्रति किलोलीटर की कटौती की है। इस कटौती के बाद हवाई सफर सस्ता हो सकता है। नई दरें बुधवार से लागू हो गईं। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, नई दिल्ली में विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत 1,401.37 रुपये घटकर 90,455.47 रुपये प्रति किलोलीटर (1000 लीटर) हो गई है। इसी तरह कोलकाता में इसका भाव 93,059.79 रुपये प्रति किलोलीटर, मुंबई में 84,511.93 रुपये प्रति



किलोलीटर और चेन्नई में 93,670.72 रुपये प्रति किलोलीटर हो गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल दिसंबर में तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने एटीएफ की कीमत में 1,318.12 रुपये प्रति किलोलीटर और नवंबर में 2,941.5 रुपये प्रति किलोलीटर की बढ़ोतरी की गई थी। विमान ईंधन की कीमतों में यह गिरावट हवाई यात्रियों के लिए संभावित लाभ में तब्दील हो सकती है।

## कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 16 रुपये तक हुआ सस्ता

एजेंसी

**नई दिल्ली :** नया साल 2025 अपने साथ कई सारे बदलाव को लेकर आया है। इन बदलावों का असर आपकी जिंदगी और जेब पर पड़ेगा। मारुति सुजुकी, हुंडई, टाटा मोटर्स, किआ इंडिया, जेएसडब?ल?यू एमजी मोटर इंडिया की गाड़ियां महंगी हो गई हैं। वहीं, 19 किलोग्राम वाला कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 16 रुपये तक सस्ता हो गया है। हालांकि, घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में बदलाव नहीं हुआ है। नई दरें लागू हो गई हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने बुधवार को 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 16 रुपये तक की कटौती की है। राजधानी दिल्ली में इसका दाम 14.50 रुपये घटकर 1804 रुपये हो गया है,




जो पहले 1818.50 रुपये में मिल रहा था। वहीं, कोलकाता में इसकी कीमत 16 रुपये घटकर 1911 रुपये हो गई है, जो पहले 1927 में मिल रहा था। मुंबई में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 15 रुपये घटकर 1756 रुपये का हो गया है, जबकि चेन्नई में यह सिलेंडर 1966 रुपये का मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। राजधानी दिल्ली में यह 803 रुपये और मुंबई में 802.50 रुपये का मिल रहा है।

## मध्य प्रदेश में कड़ाके की ठंड से हुई नए साल की शुरूआत, भोपाल–उज्जैन में छाया घना कोहरा

**- जनवरी में 20 से 22 दिन चलेगी शीतलहर**

**भोपाल :** नए साल की शुरूआत के साथ ही मध्य प्रदेश में कड़ाके की ठंड का प्रभाव भी बढ़ने लगा है। प्रदेश के कई जिलों में तापमान में भारी गिरावट आई है, जिसके चलते शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है। राजधानी भोपाल और उज्जैन में घना कोहरा छाया है। भोपाल में विजिबिलिटी 100 मीटर है। मौसम विभाग का कहना है कि नवंबर-दिसंबर में रिकॉर्ड तोड़ने वाली ठंड जनवरी में भी जमकर असर दिखाएगी। वहीं, उत्तरी हिस्से यानी, ग्वालियर, चंबल और उज्जैन संभाग के



जिलों में कोल्ड-डे की स्थिति बनेगी। शुरूआती 3 दिन प्रदेश के आधे हिस्से में कोहरा रहेगा। वहीं, जनवरी में 20 से 22 दिन तक शीतलहर चल सकती है। मौसम विभाग ने बताया कि जम्मू, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, लद्दाख में बर्फबारी हो रही है। आने वाले दिनों में बर्फ पिघलेगी। जिससे उत्तरी हवा चलेगी और मध्यप्रदेश में ठंड का असर बढ़ जाएगा। इस कारण जनवरी में प्रदेश का मौसम ठंडा ही रहेगा। प्रदेश में अगले 3 दिन तक शीतलहर और कोहरा रहेगा। आज बुधवार को भोपाल, ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, शिवपुरी, दतिया, नीमच, मंदसौर, आगर-मालवा, राजगढ़, सीहोर, रायसेन, विदिशा, सागर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, दमोह, जबलपुर, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, उमरिया, शहडोल, डिंडौरी, कटनी और अनूपपुर में कोहरा रहेगा। वहीं, नीमच, मंदसौर, राजगढ़, रायसेन, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, जबलपुर, रीवा में शीतलहर चलेगी। 2 जनवरी को ग्वालियर, मुरैना समेत 27 जिलों में हल्के से मध्यम कोहरा रहेगा। जबकि नीमच, मंदसौर, जबलपुर, पन्ना और रीवा में शीतलहर चलेगी। 3 जनवरी को नीमच, मंदसौर, ग्वालियर समेत 14 जिलों में हल्के से मध्यम कोहरा छाया रहेगा।

## ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में भी छुट्टी के माहौल में मिला-जुला कारोबार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान कमजोरी के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज गिरावट के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। दूसरी ओर यूरोपियन बाजार में पिछले सत्र के दौरान तेजी का रुख बना रहा। एशियाई बाजारों में भी आज छुट्टी के माहौल के बीच मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। साल के आखिरी करबारी दिन अमेरिकी बाजार में बिकवाली का दबाव बना रहा। पिछले सत्र के दौरान एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ



5,878.91 अंक के स्तर पर बंद हुआ इसी तरह नैस्डेक ने 181.54 अंक यानी 0.93 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 19,305.25 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज फिलहाल 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 42,540.54 अंक के स्तर पर कारोबार करता होने जा रहा है।

अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान खरीदारी होती रही। एफटीएसई इंडेक्स 0.64 प्रतिशत की मजबूती के साथ 8,173.02 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.91 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,380.74 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। ईयर एंडिंग की छुट्टी होने के कारण डीएएक्स इंडेक्स में पिछले सत्र के दौरान कोई कारोबार नहीं हुआ।

एशियाई बाजारों में आज छुट्टी के माहौल के बीच सिर्फ दो बाजारों में कारोबार हो रहा है इनमें एक बाजार का सूचकांक लाल निशान में, तो दूसरे बाजार का सूचकांक हरे निशान में कारोबार कर रहा है। एशिया के शेष सभी साथ बाजारों में छुट्टी होने की वजह से कोई कारोबार नहीं हो रहा है। गिफ्ट निफ्टी फिलहाल 0.28 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 23,702.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.62 प्रतिशत की मजबूती के साथ 7,079.90 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### कोटपूतली में 700 फीट गहरे बोरवेल में फंसी चेतना को निकालने की जद्दोजहद दसवें दिन भी जारी

**कोटपूतली :** राजस्थान के कोटपूतली के किरतपुरा स्थित बड़ियाली की ढाणी में 700 फीट गहरे बोरवेल में फंसी तीन वर्षीय चेतना को बचाने के प्रयास अब भी जारी हैं। घटना के दस दिन बाद भी बच्ची को बाहर निकालने में सफलता नहीं मिल पाई है। चेतना 23 दिसंबर को खेलते समय बोरवेल में गिरकर 150 फीट की गहराई में फंस गई थी। रेस्क्यू टीम ने देसी जुगाड़ से उसे 30 फीट ऊपर लाने में सफलता पाई थी, लेकिन इसके बाद ऑपरेशन में प्रगति धीमी हो गई। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों को कड़ाके की ठंड और तकनीकी बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। न्यूनतम तापमान 7-8 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने से ऑपरेशन रात के समय और भी चुनौतीपूर्ण हो जाता है। ऑपरेशन के दौरान कई बार दिशा भटकने और समय बर्बाद होने के आरोप लगे हैं। देसी जुगाड़ के बाद जब मशीनों से खुदाई शुरू हुई, तो सुरंग की दिशा भी गलत हो गई। रेस्क्यू टीम ने बुधवार सुबह ग्राउंड पेनिट्रेटिंग रडार (जीपीआर) मशीन की मदद से बोरवेल की सटीक लोकेशन ट्रेस कर ली है। अधिकारियों ने दावा किया है कि सुरंग के जरिए चेतना तक पहुंचने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि आज रेस्क्यू टीम चेतना तक पहुंच सकती है। कैमरे की मदद से चेतना की स्थिति का पता लगाने के प्रयास किए गए, लेकिन पिछले आठ दिनों से किसी भी मूवमेंट का संकेत नहीं मिला है। अधिकारियों ने बच्ची की स्थिति को लेकर अब तक कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी है।

### असम राइफल्स ने मणिपुर में हथियार और विस्फोटक का जखीरा जब्त किया

**इम्फाल :** असम राइफल्स ने मणिपुर के चंदेल जिले में हथियारों और विस्फोटक का बड़ा जखीरा जब्त किया। जब्त की गई सामग्री में अमेरिकी निर्मित एम 16 राइफल, स्थानीय लाथोड गन, एम 16 राइफल मैगजीन, आईईडी, मोटोरोला संचार सेट, 5.56मि.मी. गोला-बारूद, पोंपी, लाथोड बम, एक एके-56 राइफल और एक टाइप 81 चीनी असॉल्ट राइफल सहित तीन मैगजीन शामिल हैं। पकड़े गए व्यक्तियों और जब्त हथियारों को आगे की जांच के लिए स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया है।

### दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति येओल पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार

**सियोल :** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल के सिर पर गिरफ्तारी की तलवार लटक गई है। जांच एजेंसी ने उन्हें छह जनवरी से पहले हर हाल में गिरफ्तार करने की तैयारी कर ली है। सियोल वेस्टर्न डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने येओल को गिरफ्तार करने का वारंट जारी कर दिया है। यह वारंट भ्रष्टाचार जांच कार्यालय को मिल चुका है। वारंट की मियाद छह जनवरी को खत्म हो जाएगी। इस बीच राष्ट्रपति के चीफ ऑफ स्टाफ और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने इस्तीफा देने की पेशकश की है द कोरिया हेराल्ड समाचार पत्र के अनुसार, येओल के विद्रोह और सत्ता के दुरुपयोग के मामले की जांच भ्रष्टाचार जांच कार्यालय कर रहा है। इस कार्यालय के प्रमुख ओह डोंग-वून ने बुधवार को पत्रकारों से कहा कि येओल की गिरफ्तारी वारंट की मियाद खत्म होने से पहले कर ली जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर राष्ट्रपति की सुरक्षा टीम सहयोग नहीं करती तो उसके विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। वून ने कहा कि कार्यालय ने राष्ट्रपति के सुरक्षा अधिकारियों से गिरफ्तारी में सहयोग करने का अनुरोध किया है। ओह ने चेतावनी दी कि गिरफ्तारी में हस्तक्षेप करने वालों पर सत्ता के दुरुपयोग और सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोपों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति आवास का दरवाजा खोलने से इनकार करना, गेट पर ताला लगाना, बैरिकेड लगाना और गिरफ्तारी आदेश का पालन न करना भी सरकारी कार्य में बाधा डालना है। द कोरिया टाइम्स के अनुसार वारंट जारी होने के बाद राष्ट्रपति के चीफ ऑफ स्टाफ चुंग जिन-सुक और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शिन वोन-सिक ने बुधवार को इस्तीफा देने की पेशकश की है।

### एसटीएफ ने हेरोइन और नकदी के साथ व्यक्ति को पकड़ा

**गुवाहाटी :** असम पुलिस की विशेष टास्क फोर्स (एसटीएफ) की टीम ने खुफिया सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर कपिल पाठक के नेतृत्व में गुवाहाटी के दिसपुर थाना क्षेत्र के खानापाड़ा में छापा मारा। इस कार्रवाई में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से 21 वायल में भरी 28.58 ग्राम हेरोइन और नकद बरामद की गई। आगे की जांच जारी है।

### कोलकाता में साफ आसमान और हल्की धुंध के साथ नव वर्ष की शुरूआत

**कोलकाता :** नववर्ष की सुबह कोलकाता में मुख्य रूप से साफ आसमान और सुबह की हल्की धुंध के साथ स्वागत किया। शहर में बीते 24 घंटों में न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य स्तर पर है। अधिकतम तापमान 22.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 2.8 डिग्री कम है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के क्षेत्रीय मुख्यालय की ओर से बुधवार को जारी बयान के अनुसार, अगले 24 घंटों में कोलकाता में आसमान मुख्य रूप से साफ रहेगा और सुबह के समय हल्की धुंध छाई रह सकती है। दिन का अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। आर्द्रता अधिकतम 96 फीसदी और न्यूनतम 63 फीसदी तक रहने की उम्मीद है। बीते 24 घंटों में शहर में बारिश नहीं हुई है।

**पश्चिम बंगाल के अन्य जिलों का हाल**

राज्य के अन्य हिस्सों में भी ठंड का असर साफ देखा जा रहा है। उत्तर बंगाल के जिलों में, जैसे दार्जिलिंग और कलिम्पोंग, ठंड काफी तीव्र है। दार्जिलिंग में न्यूनतम तापमान सात-आठ डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, वहीं दिन में भी तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से ऊपर नहीं जा रहा। जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार में सुबह की धुंध और ठंडी हवाएं लोगों को गर्म कपड़े पहनने पर मजबूर कर रही हैं। इन इलाकों में दिन का तापमान 20-22 डिग्री सेल्सियस और रात का तापमान 10-12 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। दक्षिण बंगाल के जिलों, जैसे हुगली, हावड़ा, और पुरुलिया में भी ठंड जारी है। यहां न्यूनतम तापमान 12-14 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया है। पुरुलिया और बांकुड़ा जैसे जिलों में रात के समय ठंड का प्रभाव अधिक है। बीते 24 घंटों के दौरान राज्य के किसी भी हिस्से में बारिश नहीं हुई है। हालांकि, ठंडी हवाएं और साफ आसमान ने न्यूनतम तापमान को सामान्य स्तर पर बनाए रखा है। राज्य भर में आने वाले दिनों में भी इसी तरह के मौसम की संभावना है।

### मणिपुर में सेना की तैनाती में बाधा डालने का प्रयास

**इम्फाल :** मणिपुर के थमनापोकपी के पास उयोखचिंग में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सेना, बीएसएफ और सीआरपीएफ की तैनाती में व्यवधान डालने का प्रयास किया। संयुक्त सुरक्षा बलों ने न्यूनतम बल का प्रयोग कर भीड़ को तितर-बितर किया।

## न्यूज ब्रीफ

### सरायकेला-खरसावां में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरूक

**सरायकेला :** सरायकेला-खरसावां के जिला परिवहन पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो के निर्देशानुसार मंगलवार को वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। जागरुकता अभियान के तहत वाहन जांच के दौरान बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट और बिना कागजात के पकड़े गए 70 चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। चालकों को सड़क सुरक्षा की टीम एवं मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर ने रोड सेफ्टी को लेकर काउंसलिंग की।

इस दौरान लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया और बताया गया कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है। ऐसा कर अपनी व यातायात का उपयोग कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। जागरुकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर रवि प्रसाद, दिलीप कुमार एवं जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुंदन वर्मा आदि शामिल थे।

### टीपीएस डीएवी विद्यालय में सेवानिवृत्त प्राचार्य को दी गई विदाई

**जमशेदपुर :** टीपीएस डीएवी स्कूल बहरागोड़ा के प्राचार्य सोमवार को सेवानिवृत्त हो गए। विद्यालय परिसर में आज मंगलवार को समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक ओपी मिश्रा, चेयरपर्सन डाक्टर बिन्नी षाड़ंगी और सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

सर्वप्रथम छात्र -छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। एआरओ ने प्राचार्य अनूप कुमार के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। डाक्टर बिन्नी षाड़ंगी ने भी उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि अनूप कुमार बहुत ही मृदुभाषी एवं कुशल प्रशासक रहे। अनूप कुमार ने भी अपने डीएवी के तीस साल के कार्यकाल के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी उन्होंने कहा कि मई 2018 से दिसंबर 2024 तक बहरागोड़ा डीएवी के प्राचार्य पद पर रहते हुए उन्होंने बहुत कुछ किया और बहुत कुछ करना बाकी रह गया।

### मैथन क्षेत्र के समग्र विकास के प्रति एमपीएल कटिबद्ध है : सीईओ

**धनबाद :** एमपीएल के सीईओ जगमीत सिंह सिद्धू ने मंगलवार को कहा कि सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति संवेदनशील बने रहकर ही समाज और राष्ट्र का विकास संभव है। हमें खुशी है कि टाटा समूह के महत्वपूर्ण अंग के रूप में मैथन पावर लिमिटेड (एमपीएल) मैथन व आसपास के इलाकों के समग्र विकास के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कर्मियों और क्षेत्र के लागों को नये वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्र के उत्थान में यूं ही तन-मन से जुटे रहें यही कामना है।

सीईओ ने कहा कि जनसेवा के मामले में टाटा समूह की भूमिका अतुलनीय है। इस कड़ी में एमपीएल भी पीछे नहीं है। जन कल्याण को लेकर एमपीएल सदैव अग्रिम पंक्ति में रहा है। चाहे बात बिजली उत्पादन कर देश को रोशन करने का हो या उद्यमिता को बढ़ावा देने का। इसका मूल्यांकन एमपीएल के यहां आने से पूर्व और अब की स्थिति से किया जा सकता है। नए साल में भी उत्तरोत्तर विकास की नयी-नयी गाथाएं लिखने को एमपीएल तैयार हैं। उन्होंने कहा कि टाटा समूह की उपलब्धियां और उसके सामाजिक सरोकार बड़े मूल्यवान हैं। नई पीढ़ी को इससे सीखें मिलती हैं।

उन्होंने कहा कि एमपीएल के यहां आने से युवाओं में प्रतिस्पर्धा की भावना तेजी से बढ़ी है और वह सभी क्षेत्रों में अच्छा कर रहे हैं। नौकरी हो या व्यवसाय, सहयोग और साझेदारी की भावना से काम करना जरूरी है। नये साल में एमपीएल नये उत्साह के साथ ऊर्जा दक्षता, ग्राहक सेवा में सुधार, पर्यावरण संरक्षण व सुरक्षा सहित जन कल्याण की दिशा में सतत प्रयत्नशील रहने को लेकर संकल्पित है। साथ ही कंपनी सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करने को लेकर भी संकलित हैं। संस्थान सामाजिक जिम्मेदारियों के तहत स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास व महिला सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा।

### राष्ट्रीय कोयला खान सुरक्षा रिपोर्ट पोर्टल लॉन्च, खनन में सुरक्षा को मजबूत करना उद्देश्य

धनबाद : कोयला मंत्रालय ने राष्ट्रीय कोयला खान सुरक्षा रिपोर्ट पोर्टल लॉन्च किया है। इसका उद्देश्य देश के कोयला खनन क्षेत्र में सुरक्षा मानकों में बदलाव लाकर सुरक्षा को मजबूत करना है। इस पोर्टल को सुरक्षा, सतर्कता, जवाबदेही व कार्रवाई को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया। मंत्रालय के मुताबिक यह पोर्टल सुरक्षित और अधिक टिकाऊ खनन प्रथाओं को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पोर्टल कोयला खानों में सुरक्षा की स्थिति को बेहतर बनाने और दुर्घटनाओं को रोकने में मदद करता है।

इस पोर्टल पर कोयला खानों में होने वाली दुर्घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज की जा सकती है। इसके अलावा पोर्टल पर कोयला खानों के सुरक्षा ऑडिट की रिपोर्ट, खदानों में सुरक्षा संबंधी नियमों की जानकारी, कर्मचारियों के लिए सुरक्षा प्रशिक्षण की सुविधा व खदानों में सुरक्षा संबंधी आंकड़े उपलब्ध हैं।

### मैथन डैम पर कलाकारों ने अपनी चित्रकारी से पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

धनबाद : मैथन डैम के गोगना छठ घाट के समीप झारखंड व पश्चिम बंगाल से आए 40 कलाकारों ने सोमवार की सुबह 110 फीट कैनवस पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। कलाकारों ने अपनी चत्रकारी से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। डीएवी पब्लिक स्कूल के शिक्षक तरुण भंडारी ने बताया कि झारखंड व पश्चिम बंगाल के दर्जनों कलाकारों ने कैनवस पर एक से बढ़कर एक चित्रकारी की। इसका मुख्य उद्देश्य जंगल व पेड़-पौधे को सुरक्षित रखना व लोगों को जागरूक करना है। इंटरनेशनल आर्टिस्ट भास्कर घोष ने बताया कि पूरी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग से जूझ रही है। ऐसे में हर एक व्यक्ति को पेड़-पौधों को सुरक्षित रखना सबकी जिम्मेवारी बनती है। हम लोग कला के माध्यम से लोगों को यह दशार्ने का प्रयास कर रहे हैं। ताकि पेड़-पौधों को बचाकर वातावरण को सुरक्षित रखा जा सके। उन्होंने लोगों से ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने और अपने बच्चों की तरह उनकी देखभाल करने की अपील की। कलाकारों की चित्रकला देखने के लिए डैम पर स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मौके पर तरुण भंडारी, कुसुम सिंह, अंजलि कुमारी, पीयू गोप, श्वेता मल्लिक, रितेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

### एसेंट पब्लिक स्कूल पांकी में परीक्षा में अव्वल आनेवाले बच्चे पुरस्कृत

पलामू : पांकी के एसेंट पब्लिक स्कूल में मंगलवार को एजुकेशनल टूर के तहत प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में कक्षा 7वीं से 9वीं तक के बच्चे शामिल हुए। परीक्षा में बेहतर अंक लाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। अली अहमद, रिया कुमारी व शिवम कुमार को प्रथम पुरस्कार दिया गया। जबकि साक्षी कुमारी व विकास कुमार दूसरे, जबकि आयुष कुमार गुप्ता व रिया कुमारी तीसरे स्थान पर रहे। इन्हें केल्हवा पंचायत के मुखिया बसारत हुसैन ने पुरस्कृत किया। मुखिया ने कहा कि इस तरह की परीक्षा के आयोजन से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा उजागर होती है। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान बच्चों को सामाजिक, भौगोलिक व प्राकृतिक चीजों को सीखने-समझने का मौका मिलता है और उनका बौद्धिक विकास होता है।

# खरसावां के शहीदों की पहचान के लिए आयोग का गठन करे सरकार : अर्जुन मुंडा

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां गोलीकांड में जिन लोगों की मौत हुई, उनकी पहचान के लिए सरकार के आयोग का गठन करे। उन्हें शहीद का दर्जा दे और उनके परिजनों को उचित सम्मान। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अर्जुन मुंडा ने यह मांग की है। 1 जनवरी को खरसावां में शहीद बेदी पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पत्रकारों से बात कर रहे थे।



अर्जुन मुंडा ने कहा की अविभाजित बिहार ओड़िशा, बंगाल समेत अन्य राज्यों से भी आदिवासी उस दिन खरसावां हाट मैदान पहुंचे थे। कुछ लोगों के आंकड़े और दावे के आधार पर कुछ लोगों की जांच के बाद पहचान की गई है। उनके आश्रितों को सम्मानित भी किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार को शहीदों के चिह्नितीकरण के लिए एक कमीशन का गठन करना चाहिए, जो गोलीकांड के शहीदों की पहचान करे, साथ ही यह भी सुनिश्चित करे कि जिन लोगों को आज भी इतिहास में स्थान नहीं मिला है, उनको उचित सम्मान मिले।

भाजपा नेता ने कहा कि अभी देश भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मना रहा है। ब्रिटिश हुकूमत के समय आजादी की लड़ाई में जिन्होंने अपना बलिदान दिया, उनमें से बहुत से शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों की पहचान की गई है। उन्हें इतिहास में स्थान भी मिला है। खरसावां के शहीदों को भी इतिहास में वही स्थान मिलना चाहिए। उनको भी वही सम्मान मिलना चाहिए।

पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि जिस समय खरसावां में निरीह आदिवासियों पर गोलियां चलीं थीं, उस वक्त यह क्षेत्र ओडिशा में था। उसके बाद बिहार का हिस्सा बना। उन्होंने कहा कि इसके अभिलेख कहीं नहीं हैं। अब भारत सरकार ने पहल की है। झारखंड सरकार स्थानीय संसाधनों का इस्तेमाल करते हुए उन शहीदों की सूची उपलब्ध कराए, ताकि शहीदों को उचित सम्मान मिल सके।

अर्जुन मुंडा ने कहा कि भारत सरकार राज्य सरकार के सहयोग से भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर स्वतंत्रता संग्राम में शामिल सुदूरवर्ती क्षेत्रों के जनजातीय समुदाय के उन शहीदों की, जिनकी पहचान नहीं की जा सकी है, को खोज रही है। उन्होंने कहा की जयंती वर्ष पूरे एक साल तक चलेगा और इस दौरान जनजातीय समुदाय के शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों की पहचान की जाएगी। उन्हें सम्मान दिया जायेगा।

पूर्व मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रशासन को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि देश में 7 दिन का राजकीय शोक घोषित होने के बाद भी जगह-जगह राजनीतिक दलों के बैनर- पोस्टर लगे हैं। यह दशार्ता है कि वे राजनीतिक दल पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय डॉ मनमोहन सिंह के प्रति संवेदनशील नहीं हैं।

खरसावां गोलीकांड में जन गंवाने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि देने वालों में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता जेबी तुबिद, पूर्व विधायक मंगल सिंह सोय, चक्रधरपुर के पूर्व विधायक शशि भूषण समद, जिला अध्यक्ष उदय सिंह देव, पूर्व विधायक मंगल सिंह सोय, पूर्व जिला अध्यक्ष रामनाथ महतो, विजय महतो, भाजपा नेता रतन महतो, अमरेश गोस्वामी, संजय सरदार, जितेंद्र राय व अन्य शामिल थे।

खरसावां गोलीकांड की वर्षगांठ पर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए सुबह से लोग पहुंचने लगे। राजनितिक दलों, सामाजिक संगठनों ने वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। शहीद बेदी पर सबसे पहले दिउरी विजय सिंह बोदरा ने अन्य पुजारियों के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और दुल सुनम (तेल डाला) किया। इसके बाद श्रद्धांजलि देने का कार्यक्रम शुरू हुआ। श्रद्धांजलि देने के लिए लोगों की कतार लगी थी। मुख्य गेट पर जिला प्रसाशन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे।

## गिरिराज सेना के लिट्टी चोखा कार्यक्रम में उपस्थित हुए हजारों लोग



**मेट्रो रेज संवाददाता**

सामाजिक संस्था और सामाजिक दायित्वों के प्रति हमेशा गंभीर और उसका निर्वहन करने वाला सामाजिक संस्था गिरिराज सेवा के तत्वाधान में व्यापक और विशाल रूप से आयोजित लिट्टी चोखा कार्यक्रम में हजारों लोग भीषण ठंड के बाद भी उपस्थित होकर आपसी भाईचारा और स्नेह के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई देर शाम से ही इस कार्यक्रम स्थल पर लोगों की उपस्थिति प्रारंभ हो गई क्या युवा, क्या महिला, क्या उम्र दराज, सबों के सहभागिता देखते ही बनी झारखंड में संभवत है यह पहला ऐसा कार्यक्रम है जहां इतने व्यापक रूप से एक साथ सामूहिक तौर पर हजारों लोग उपस्थित होकर लिट्टी चोखा का आनंद लेते हैं और गिरीराज सेवा के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अपनी दमदार सहभागिता भी निभाई ।

इस अवसर पर गिरीराज सेवा के प्रमुख उमाशंकर गिरी ने बताया कि विगत 11 वर्षों से उनके अनुज कमल देवगिरी के द्वारा इस लिट्टी चोखा कार्यक्रम का इस स्थल पर निरंतर आयोजित होता रहा है इसलिए इस कार्यक्रम को गिरिराज सेवा के द्वारा आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 5000 लोगों की लिट्टी चोखा खाने की व्यवस्था की गई और इसकी व्यापक रूप से कई दिनों से तैयारी भी की गई उन्हें इस बात की हार्दिक प्रसन्नता है कि लोगों की सहभागिता और आगमन ने गिरिराज सेवा का ऊर्जा और उत्साह दोनों बढ़ाया है ऐसे कार्यक्रम से आपसी भाईचारा अपनत्व तो बढ़ता ही है साथ ही साथ एकजुट होकर लोग सामाजिक कार्यों में अपनी सहभागी भी निभाते हैं।

श्री गिरी ने कहा वह इस कार्यक्रम में उपस्थित होने वाले के प्रत्येक व्यक्ति को आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने अपनी व्यस्तता भरे जीवन में इस कार्यक्रम के लिए समय निकाला पुराने वर्ष की विदाई और नए वर्ष के आगमन के लिए लोगों का जो उत्साह देखा गया वो अपने आप में अलौकिक उपलब्धि है इस अवसर पर सामाजिक कार्यों में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करने वाली पूजा गिरी ने भी कहा की मंदिर परिसर लिट्टी चोखा कार्यक्रम में जनमानस की उमड़ी भीड़ और उपस्थित लोगों ने यह संदेश देने का कार्य किया है कि गिरिराज सेना ने जो भाईचारा और अपना स्नेह का संबंध प्रदान करने का दायित्व उठाया है उसमें उनकी सहमति है पूजा गिरी ने कहा कि नव वर्ष का अर्थ कुछ लोग केवल मांसाहारी भोजन और मदिरापान ताकि सीमित रह जाते हैं या फिर तेज गति से वाहन चलाकर स्वयं दुर्घटनाग्रस्त होकर चोटिल तो होते ही हैं साथ ही साथ अपनी जान भी गंवा बैठते हैं इसलिए गिरिराज सेवा ने बेहतर ढंग से एक साथ सामूहिक तौर पर उपस्थित होकर लिट्टी चोखा का आनंद उठाने के लिए इस कार्यक्रम को आयोजित किया तथा इस कार्यक्रम में लोगों की सहभागिता से यह संदेश भी गया है कि हम आपसी स्नेह, अपनत्व एकजुटता को हमेशा बरकरार रखेंगे और सामूहिक तौर पर इस प्रकार के लिट्टी चोखा कार्यक्रम में उपस्थित होकर एक दूसरे के सहयोगी भी बनेंगे इस प्रकार से कहा जा सकता है कि गिरीराज सेना के तत्वाधान में आयोजित यह लिट्टी चोखा कार्यक्रम ना सिर्फ उपलब्धि भरा रहा बल्कि ऐतिहासिक भी रहा क्योंकि यह पहला अवसर है जहां हजारों लोगों ने एक साथ उपस्थित होकर लिट्टी चोखा का आनंद लिया वहीं आपसी भाईचारा का भी बेहतर संदेश दिया हमें ऐसे सामाजिक संस्था पर निश्चित तौर पर गर्व है और इससे जुड़े सभी लोगों के सार्थक प्रयास को काफी सराहा है।

### कोडरमा और रामगढ़ में प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति शून्य रहने पर बिफरे मंत्री चमरा लिंडा, कहा

## तीन दिन के भीतर पैसा दें, नहीं तो रुकेगा वेतन



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची:** प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति के वितरण में कोडरमा और रामगढ़ की निगेटिव रिपोर्ट को लेकर कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने संबंधित पदाधिकारियों को जमकर फटकार लगाई है। उन्होंने दो टूक कह दिया है कि तीन दिन के भीतर दोनों जिलों में प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति वितरण करें, नहीं तो संबंधित पदाधिकारियों के जनवरी माह का वेतन रोक दिया जाएगा।इसका खुलासा तब हुआ जब कल्याण मंत्री चमरा लिंडा मोरहाबादी स्थित कल्याण कॉम्प्लेक्स में सभी जिलों के कल्याण पदाधिकारी, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, आईटीडीए और प्रमंडलीय उप-निदेशकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए साइकिल और छात्रवृत्ति वितरण की कार्य प्रगति की जिलावार समीक्षा कर रहे थे। मंत्री ने कहा कि पदाधिकारी समस्या नहीं बताएं, बल्कि समाधान का रास्ता निकालें। उन्होंने 4 जनवरी तक प्री-मैट्रिक से संबंधित सभी लंबित छात्रवृत्ति भुगतान का निर्देश दिया है।

विभागीय मंत्री ने अधिकारियों से कहा है कि फरवरी 2025 तक पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति राशि वितरण का काम भी पूरा करना है। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति राशि वितरण कल्याण विभाग का एक महत्वपूर्ण कार्य है। अध्यनरत विद्यार्थियों को ससमय छात्रवृत्ति राशि मिलने से उन्हें शैक्षणिक पाठ्यक्रमों और परीक्षा की तैयारी में मदद मिलती है। राज्य सरकार विशेष तौर पर एसटी, एससी छात्र-छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर प्रदान करने का कार्य कर रही है, इसलिए यह जरूरी है कि छात्रवृत्ति की राशि निर्धारित समय सीमा के तहत वितरित की जाए।

**जनवरी 2025 के अंत तक करना है साइकिल वितरण**

मंत्री चमरा लिंडा ने जनवरी 2025 के अंत तक साइकिल वितरण का कार्य पूरा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि साइकिल वितरण योजना का उद्देश्य कक्षा 08 से ड्रॉप आउट को रोकना है। इसलिए साइकिल का वितरण समय पर होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि नामांकन के साथ ही कक्षा 08 के बच्चों को साइकिल मिल जानी चाहिए। उन्होंने सत्र प्रारंभ होने के साथ ही विद्यार्थियों को साइकिल उपलब्ध कराने की कार्य योजना तैयार रखने का निर्देश दिया है। समीक्षा बैठक के दौरान विभागीय सचिव कृपानंद झा, आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा मौजूद थे।

## अवैध शराब के खिलाफ एक्शन मोड में पुलिस

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चांडिल :** सरायकेला-खरसावां जिला के नीमडीह थाना की पुलिस अवैध रूप से महुआ शराब चुलाई के खिलाफ एक्शन मोड पर आ गई है। नव वर्ष को लेकर नीमडीह थाना की पुलिस के द्वारा मंगलवार को थानांतर्गत मुरु गांव में नदी किनारे स्थित दो अवैध देशी शराब की भट्ठी को ध्वस्त किया। वहीं पुलिस टीम ने करीब 200 किलोग्राम जावा महुआ नष्ट किया। इस संबंध में नीमडीह थाना प्रभारी एसके तिवारी ने बताया कि अवैध भट्ठी संचालक का पता लगाकर उनके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

नव वर्ष के स्वागत में सैलानियों की भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए नीमडीह थाना प्रभारी ने अभियान प्रारंभ किया है। सड़क दुर्घटना की रोकथाम के लिए पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग 32 पर स्थित आदरडीह गांव में विशेष ड्रंक एवं ड्राइव के विरुद्ध वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस संबंध में थाना प्रभारी एसके तिवारी ने बताया कि नव वर्ष को लेकर लगातार वाहन चेकिंग अभियान जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि शराब पीकर वाहन चलाने वाले के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### टीपीएस डीएवी विद्यालय में सेवानिवृत्त प्राचार्य को दी गई विदाई

**जमशेदपुर :** टीपीएस डीएवी स्कूल बहरागोड़ा के प्राचार्य सोमवार को सेवानिवृत्त हो गए। विद्यालय परिसर में आज मंगलवार को समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक ओपी मिश्रा, चेयरपर्सन डाक्टर बिन्नी षाड़ंगी और सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

## चांडिल वन क्षेत्र के तुलग्राम जंगल में बाघ आने की खबर, दहशत में लोग

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सरायकेला :** सरायकेला-खरसावां जिला के चौका थाना अंतर्गत तुलग्राम और बालीडीह के बीच जंगल में मंगलवार को बाघ आने की खबर पूरे क्षेत्र में जोरों पर है। तुलग्राम और बालीडीह जंगल के कोचा में एक बैल भी मृत अवस्था में मिला है। बैल के गला, पैर और अन्य स्थानों में चोट के निशान है। ग्रामीणों का कहना है कि जंगल में एक बाघ पहुंचा है। बैलों को जंगल पहुंचने वाले एक बच्चे ने उसे देखा भी है। बताया गया कि बाघ ने बैल के गले पर वार कर उसका खून चूस लिया। मृत बैल तुलग्राम निवासी पहाड़ सिंह महतो का बताया जा रहा है। वहीं ग्रामीण बता रहे हैं कि गांव के चितरंजन की एक बछिया भी सुबह से गायब है, जिसे चराने के लिए जंगल ले जाया गया था।



जंगल में मिला मृत बैल।

मिली जानकारी के अनुसार रोज की भांति ग्रामीण अपने गाय बैल को चराने के लिए जंगल की ओर ले गए थे। इसी क्रम में जंगल में गाय बैल को छोड़ने के बाद लोग भेड़-बकरी के लिए पेड़ का पत्ता इकट्ठा करने लगे। इसी क्रम में गांव का एक युवक पेड़ की डाली में चढ़कर पता तोड़ रहा था। उसने ही उस बाघ को तेज रफ्तार में जाते हुए देखा। इसके बाद सभी अपनी जान बचाकर घर की ओर भागे। गाय-बैल भी अपनी जान बचाने के लिए भागने लगे। बताया जा रहा है की बाघ को देखने वाले युवक को बुखार आ गया है। वैसे वन विभाग के कई पदाधिकारी जंगल पहुंच कर मामले की जांच कर रहे हैं। जंगल में जानवर के पंजा के बड़े बड़े निशान भी मिलने की बात कही जा रही है। मंगलवार को इसकी खबर मिलने के बाद वन विभाग के कई पदाधिकारी तुलग्राम जंगल में उक्त स्थान पर पहुंचकर मामले का जायजा लिया। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की देर शाम वन विभाग के वन संरक्षक सबा आलम अंसारी भी घटनास्थल का जायजा लेने पहुंचे थे।

**प्रशासन ने ग्रामीणों को सावधान रहने के लिए अलर्ट किया**

जंगल में बाघ के आने की सूचना मिलने के बाद ग्रामीण दहशत में हैं। चांडिल वन क्षेत्र के तुलग्राम जंगल में बाघ के आने की खबर फैलने के बाद प्रशासन ने ग्रामीणों को सावधान रहने के लिए अलर्ट किया है। इस संबंध में चांडिल के अनुमंडल पदाधिकारी ने पत्र जारी करते हुए कहा कि सरायकेला-खरसावां जिला के उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला और चांडिल के वन क्षेत्र पदाधिकारी शशि रंजन से खूंटी एवं तुलग्राम के सटे जंगल में किसी बाघ के द्वारा एक बैल को मार दिए जाने की अनुमानित सूचना मिली है। प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी को लिखे पत्र में अनुमंडल पदाधिकारी ने निदेश दिया कि उस क्षेत्र में एवं आसपास के क्षेत्रों से सटे गांवों के ग्रामीणों को अपने घर में सुरक्षित एवं सचेत रहने के लिए सूचना माइकिंग एवं अन्य साधनों के माध्यम से प्रसारित करें। उन्होंने कहा कि माइकिंग बंद एवं सुरक्षित गाड़ी के माध्यम से ही कराया जाए।